प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

वर्ष-4 | अंक-164 | सांध्य दैनिक | मथुरा, रविवार, 9 अगस्त 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay



INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com


# श्रद्धा के साथ स्वच्छता से संवरेगा वृंदावन का परिक्रमा मार्ग

## परिक्रमा मार्ग पर रोज निकल रहा है 15 टन कूड़ा

## वृंदावन में भंडारों और खानपान से बढ़ रहा कचरा सफाई में जुटे 120 कर्मचारी



भंडारे के बाद हुई गंदगी को समेटता सफाई मित्र।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीबांकेबिहारी की नगरी में देश-दुनिया से श्रद्धालु भगवान श्रीराधा-कृष्ण की लीलाभूमि की परिक्रमा करने पहुंचते हैं। करीब 12 किलोमीटर लंबे परिक्रमा मार्ग पर इन दिनों श्रद्धा के साथ गंदगी भी बड़ी चुनौती बन गई है। मार्ग पर प्रतिदिन औसतन 12 से 15 मीट्रिक टन कूड़ा निकल रहा है। सप्ताहांत और विशेष पर्वों पर यह मात्रा बढ़कर 15 से 20 मीट्रिक टन तक पहुंच जाती है। अमावस्या, एकादशी और अन्य पर्वों पर लगने वाले भंडारे कचरा बढ़ने का प्रमुख कारण हैं। परिक्रमा मार्ग में करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर नियमित भंडारे होते हैं। भोजन वितरण के बाद केले के छिलके, पत्तल-दोने, प्लास्टिक, थर्मल और खाद्य अवशेष मार्ग पर बिखरे नजर आते हैं। खान-पान की दुकानों और श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए खाद्य पदार्थों से भी समस्या बढ़ती है। परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था संभाल रही उज्ज्वल ब्रज संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप दीक्षित के अनुसार, सफाई व्यवस्था तीन पालियों में संचालित की जा रही है। करीब 120 सफाईकर्मी, सात कूड़ा वाहन, चार ट्रैक्टर और एक लोडर लगाए गए हैं। सुबह छह बजे शुरू होने वाली पहली पाली में करीब आठ मीट्रिक टन तक कचरा एकत्र होता है। नियमित भंडारे वाले स्थानों पर कर्मचारियों की स्थायी तैनाती की गई है।

### स्वच्छता बनाना सभी की जिम्मेदारी: नगर आयुक्त



**यूनिक समय, मथुरा।** नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने कहा कि वृंदावन की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रशासन के साथ भंडारा आयोजकों और श्रद्धालुओं की भी जिम्मेदारी है। कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और प्लास्टिक-थर्मल का प्रयोग कम करने से परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी।

### यहां रहती है सबसे ज्यादा गंदगी

मंदिरों की नगरी वृंदावन में जगन्नाथ घाट, केसी घाट, ललिता बाग, गोरीगोपाल आश्रम, भजन कुटी, सुनरख मोड़, केलिकुंज, कालीदह, दाऊजी बगीची, बिहार घाट और हनुमान मंदिर क्षेत्र में अपेक्षाकृत अधिक गंदगी रहती है।

# छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कारसेवा का एलान



श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कारसेवा के लिए हवन करते स्वामी सच्चिदानंद और संत।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण की मांग को लेकर साधु-संतों ने एक बार फिर कारसेवा का एलान किया है। राधाकुंड क्षेत्र के जुल्हेंदी स्थित चित्रगुप्त पीठ में रविवार को हवन-पूजन के बाद संतों की बैठक हुई। बैठक में छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कारसेवा करने की घोषणा की गई। इस दौरान संतों ने 'कृष्ण लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे' के नारे लगाकर कारसेवा का शंखनाद किया।

कारसेवा के एलान को देखते हुए चित्रगुप्त पीठ के बाहर सुबह से ही पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस-प्रशासन ने पूरे कार्यक्रम पर नजर रखी। बड़ी संख्या में साधु-संत पीठ पहुंचे और

## चित्रगुप्त पीठ में संतों ने किया शंखनाद, पुलिस रही तैनात

कारसेवा के निर्णय का समर्थन किया। चित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि नौ अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कारसेवा की घोषणा की गई थी, लेकिन सावन मास में कांवड़ यात्रा को देखते हुए कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। अब छह दिसंबर को कारसेवा करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए संत समाज एकजुट है। वहीं, श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर प्रस्तावित मंदिर निर्माण के लिए भरतपुर के बंसी पहाड़पुर से गुलाबी पत्थरों की पहली खेप शुक्रवार देर रात चित्रगुप्त पीठ पहुंची। स्वामी सच्चिदानंद के अनुसार, मंदिर निर्माण के लिए पांच हजार मीट्रिक टन गुलाबी पत्थरों का आदेश दिया गया है। दूसरी खेप फिलहाल रोक दी गई है। कारसेवा की घोषणा के कार्यक्रम में 13 अखाड़ों के साधु-संतों को आमंत्रित किया गया था। संतों ने मंदिर निर्माण के संकल्प को दोहराते हुए आगे भी आंदोलन जारी रखने की बात कही।

## शाही ईदगाह की बढ़ाई सुरक्षा चार लोग हिरासत में

**यूनिक समय, मथुरा।** साधु-संतों के कारसेवा के आहवान को देखते हुए मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने कारसेवा के लिए आगरा से मथुरा पहुंचे चार लोगों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए लोगों में अखिल भारत हिंदू महासभा की आगरा जिला अध्यक्ष मीरा ठाकुर के भी शामिल होने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस के अनुसार, चारों लोग शाही ईदगाह के दरवाजे से अंदर प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर गोविंद नगर थाने भेज दिया। कारसेवा के आहवान को देखते हुए ईदगाह परिसर और आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। आने-जाने वाले लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। अधिकारी लगातार मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। एसपी सिटी राजीव कुमार का कहना है कि यह मामला उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। यहां किसी तरह की कोई नई गतिविधि नहीं हो सकती है। इसके लिए यहां पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात है। न्यायालय के आदेश से सभी संगठनों को अवगत करा दिया गया है। सभी पालन के लिए मान रहे हैं। गिरफ्तारी के बारे में उनका कहना है कि किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। कुछ लोग अज्ञानता के कारण इस ओर आ रहे थे, जिन्हें वापस कर दिया गया है। कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

## देवी मूर्ति से अभद्रता का वीडियो वायरल, लोगों में आक्रोश

**यूनिक समय, चौमुंहा।** थाना जैंत क्षेत्र के चौमुंहा गांव स्थित एक देवी मंदिर में मूर्ति के साथ कथित अभद्रता का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। वायरल वीडियो में एक युवक मंदिर परिसर में देवी मूर्ति के सामने बैठा दिखाई दे रहा है। कुछ देर बाद वह कथित तौर पर मूर्ति के साथ अभद्र हरकत करता नजर आता है। बताया जा रहा है कि घटना के समय युवक शराब के नशे में था। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई। कुछ युवकों ने कथित तौर पर आरोपी को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि युवकों ने उसकी हजामत भी कर दी। हालांकि, पुलिस की ओर से इस मामले में जानकारी सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों के बीच युवक को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताए जाने की चर्चा भी है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद लोगों ने धार्मिक स्थल की मर्यादा से खिलवाड़ करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।






# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**यूनिक समय, सौंख।** थाना मगोर्रा क्षेत्र में एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में बैड पर मृत अवस्था मे पड़ी मिली। परिवारीजन विवाहिता को हॉस्पिटल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दी। वहीं, मायका पक्ष के लोगो ने हंगामा करते हुए, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। रविवार को मगोर्रा के गांव नैनू कला में जगदीश कुमार के घर मे संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय विवाहिता डौली देवी का बैड पर पड़ी मिली। विवाहिता को परिजन हॉस्पिटल

## मायका पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

ले गए, चिकित्सको ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। विवाहिता की मौत की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। इसके बाद गोवर्धन नायब तहसीलदार जयंती मिश्रा ने मौके पर पहुंच कर विवाहिता के शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, डौली की मौत की खबर सुनकर हॉस्पिटल परिसर में मायका पक्ष के लोगों ने पहुंच कर हंगामा किया और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस के अनुसार , जेबर की रहने वाली मृतिका डौली देवी की शादी 4 दिसंबर 2025 को नैनू कला निवासी जगदीश कुमार के साथ हुई थी। विवाहिता गर्भवती भी बताई जा रही है। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह का कहना है कि संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का पता चलेगा। मामले में तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## लापता दो बच्चों की मां बरामद

**यूनिक समय, कोसीकलां।** थाना पुलिस ने 24 जुलाई से लापता दो बच्चों की मां को बरामद कर लिया है। महिला अपने पड़ोस में रहने वाले दो बच्चों के पिता के साथ घर से चली गई थी। पुलिस के अनुसार, एक महिला 24 जुलाई को कॉलोनी के ही नीरज पुत्र मैम्बर के साथ घर से चली गई थी। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज तलाश शुरू कर दी। रविवार को पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह अपनी मर्जी से गई थी। पुलिस ने महिला के बयान दर्ज कर लिए हैं।

# तिरंगे के रंग में रंगने लगी कान्हा की नगरी,देशभक्ति में डूबे लोग



देश भक्ति के रंग से रंगा टैंक चौराहा।

### 15 अगस्त को लेकर शहर से गांव तक तैयारियां तेज

### टैंक चौराहा, महुवन टोल प्लाजा पर दिखने लगी तिरंगे की रौनक

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर कान्हा की नगरी में देशभक्ति का माहौल बनने लगा है। 15 अगस्त में अब छह दिन शेष हैं। इसे लेकर प्रशासन से लेकर दुकानदारों तक ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और राष्ट्रीय राजमार्ग पर तिरंगे की रौनक दिखाई देने लगी है। लोग अपने घरों और दुकानों को तिरंगे से सजाने की तैयारी में जुट गए हैं।

टैंक चौराहा स्थित योद्धा प्रतिमा पर तिरंगा लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। प्रतिमा के आसपास भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।


खादी आश्रम में तिरंगा दिखाता संचालक।

तिरंगे के लगने के साथ ही शहर में देशभक्ति का माहौल नजर आने लगा है। बाजारों में भी दुकानदारों ने तिरंगे और उससे जुड़ी सामग्री की बिक्री शुरू कर दी है। शहर के स्टेट बैंक चौराहा,भूतेश्वर और मसानी चौराहों पर तिरंगों से सजावट शुरू हो गई है। होली गेट स्थित खादी भंडार की दुकान पर भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर तिरंगे की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यहां अलग–अलग आकार के तिरंगे उपलब्ध हैं।

होली गेट स्थित खादी भंडार के संचालक के अनुसार, तिरंगे की कीमत करीब 300 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक है। कान्हा की नगरी धार्मिक आस्था के लिए देश–दुनिया में प्रसिद्ध है, लेकिन देशभक्ति के मामले में भी यहां के लोग पीछे नहीं हैं। स्वतंत्रता दिवस नजदीक आते ही लोगों में उत्साह बढ़ने लगा है। दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने की तैयारी की जा रही है। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। महुवन टोल प्लाजा के आसपास भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर देशभक्ति की रौनक दिखाई देने लगी है। हाईवे के बीच खंभों पर तिरंगा लाइट लगाई गई हैं। इससे हाईवे का नजारा भी देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दे रहा है।

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। कान्हा की नगरी में एक ओर जहां सावन और धार्मिक आयोजनों को लेकर भक्ति का माहौल है, वहीं दूसरी ओर स्वतंत्रता दिवस को लेकर देशभक्ति का रंग चढ़ने लगा है।




## गिरिराज तलहटी में श्रद्धालुओं ने लिया स्वच्छता का संकल्प


एकादशी पर गोवर्धन परिक्रमा आए श्रद्धालुओं को स्वच्छता के लिए जागरूक करते हार्टफुलनेस के स्वयंसेवक।

### ब्रज वैभव अभियान में हुआ श्रमदान, परिक्रमा मार्ग से हटाया कूड़ा और प्लास्टिक

**यूनिक समय, गोवर्धन।** ब्रज की पवित्रता और गिरिराज जी की तलहटी को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से रविवार को ब्रज वैभव अभियान के तहत 'हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, स्थानीय निकाय और हार्टफुलनेस के स्वयंसेवकों ने गिरिराज तलहटी और गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर श्रमदान कर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया।

अभियान का शुभारंभ एसडीएम गोवर्धन सुशील सिंह ने किया। इससे पहले गिरिराज जी की तलहटी में विशाल वृक्ष के समीप स्वयंसेवकों ने सामूहिक ध्यान किया।

इसके बाद स्वयंसेवकों ने परिक्रमा मार्ग से कूड़ा–कचरा और प्लास्टिक हटाया। एकादशी पर परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए पवित्र स्थल पर कूड़ा नहीं फेंकने की अपील की गई।

एसडीएम सुशील सिंह ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जनसहभागिता से चलने वाले ऐसे अभियान ब्रज की धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। हार्टफुलनेस के समन्वयक निशांत शर्मा ने कहा कि गिरिराज की तलहटी को गंदा करना आस्था और जिम्मेदारी दोनों के विरुद्ध है। उन्होंने ब्रज को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संकल्प लेने की अपील की।

इस अभियान में मथुरा के अलावा नोएडा, दिल्ली, आगरा, अलीगढ़, गोरखपुर, सोनीपत और गाजियाबाद सहित विभिन्न जिलों से पहुंचे हार्टफुलनेस के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। अभियान में गीता शोध संस्थान वृंदावन के समन्वयक चंद्र प्रताप सिकरवार, हार्टफुलनेस के स्वयंसेवक संदीप खन्ना, ऋषि तोमर, विशाल शर्मा, जेपी सिंह, सुरेंद्र सिंह, ओपी सिंह, रमेश चाहल, सचिन जैन, विकास गौर, एसकेएस चंदेल, विजय कौशिक, यशवंत, जितेंद्र, आरपी शर्मा, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।




## 15 को निकलेगा जाहरवीर का भव्य डोला, यात्रा की भी जोरदार तैयारियां

**यूनिक समय, कोसीकलां।** 15 अगस्त को नगर में जाहरवीर गोगाजी का डोला निकलेगा, जबकि निशान (छड़ी) यात्रा का आयोजन भी होगा।

श्री जाहरवीर गोगाजी मेला कमेटी के तत्वावधान में भव्य डोला और विशाल निशान छड़ी यात्रा के होने वाले आयोजन को लेकर तैयारियां जोर–शोर से की जा रही हैं। कमेटी के पदाधिकारी मनीष बठैनिया ने बताया कि यह यात्रा 15 अगस्त शनिवार को सायं पांच बजे जाहरवीर गोगाजी मंदिर, महावीर बगीची, रामनगर से निकाली जाएगी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु निशान–ध्वज लेकर शामिल होंगे। निशान छड़ी यात्रा में शामिल होने के लिए कूपन वितरण शुरू कर दिया गया है।

### विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सियासी हलचल, नेताओं ने शुरू की भागदौड़

## टिकट की दावेदारी के लिए नेताओं ने साधे संपर्क

### वोटों का हिसाब लगाने में जुटे दावेदार दल बदलने की चर्चाएं भी तेज

**यूनिक समय, मथुरा।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में राजनीतिक हलचल शुरू हो गई है। चुनाव में अभी समय है, लेकिन नेताओं ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। संभावित प्रत्याशी टिकट के लिए अपने–अपने स्तर पर पार्टी के बड़े नेताओं से संपर्क करने में जुट गए हैं। कोई टिकट के लिए जुगाड़ लगा रहा है तो कोई अपने राजनीतिक संबंध मजबूत करने में लगे है। नेताओं ने अपने क्षेत्र में वोटों का हिसाब भी लगाना शुरू कर दिया है। किस क्षेत्र में किसका प्रभाव है, किस नेता के साथ कितने लोग हैं और कौन सा प्रत्याशी चुनाव में मजबूत साबित हो सकता है, इस पर चर्चा होने लगी है। संभावित प्रत्याशी अपने समर्थकों और क्षेत्र के प्रमुख लोगों से संपर्क करना शुरु कर दिए है। टिकट की दौड़ में शामिल नेताओं ने दौड़ लगानी शुरू कर दी है। पार्टी के बड़े नेताओं से मुलाकात कर अपनी दावेदारी मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ नेता अपने समर्थकों की संख्या और क्षेत्र में अपनी पकड़ का हवाला देकर टिकट मांग रहे हैं। वहीं चुनाव से पहले दल बदलने की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। कुछ नेता दूसरे दलों में अपनी जगह तलाश रहे हैं।

राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि आने वाले दिनों में कुछ नेता पाला बदल सकते हैं। राजनीतिक दल भी अपने–अपने संभावित प्रत्याशियों पर नजर रख रहे हैं। नेताओं की सक्रियता और उनके क्षेत्र में प्रभाव को देखा जा रहा है। चुनाव से पहले ही शुरू हुई इस राजनीतिक हलचल ने जिले की सियासत को गर्म कर दिया है।

# यमुना में बढ़ा जलस्तर, नाव और स्टीमर संचालन पर रोक



यमुना में पानी बढ़ने के बाद स्वामी घाट पर खड़ी नाव।



यमुना में जलस्तर की वृद्धि को दर्शाता मीटर।

## जलकुंभी फंसने से हादसे की आशंका आगामी आदेश तक संचालन रहेगा बंद

## यमुना का जलस्तर 10 सेमी. और बढ़ा, निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा



जलकुंभी के बीच यमुना नदी में संचालित होती नाव।

**यूनिक समय, मथुरा।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश और हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे जिले में यमुना किनारे बसे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने निगरानी बढ़ाते हुए बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है। वहीं, बढ़ते जलस्तर और लगातार बहकर आ रही जलकुंभी को देखते हुए प्रशासन ने यमुना में संचालित नाव और स्टीमर के संचालन पर आगामी आदेशों तक रोक लगा दी है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी- एडीएम वित्त- राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि विगत कई दिनों से यमुना नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। जलस्तर बढ़ने के साथ बड़ी मात्रा में जलकुंभी बहकर नदी में आ रही है। इससे नदी में चलने वाली नाव और स्टीमर के इंजन या अन्य हिस्सों में जलकुंभी फंसने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन के अनुसार, जलकुंभी फंसने से नाव या स्टीमर की गति प्रभावित होने के साथ संचालन के दौरान किसी अप्रिय घटना की आशंका भी हो सकती है। यात्रियों और संचालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने सभी नाव और स्टीमर संचालकों से आदेश का पालन करने की अपील की है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए आगामी आदेश जारी होने तक यमुना में किसी भी प्रकार का संचालन न किया जाए।

वहीं, प्रशासन ने संभावित बाढ़ से निपटने के लिए महावन तहसील क्षेत्र की बाढ़ चौकियों पर गोताखोर, नाविक, एनडीआरएफ और लेखपालों की टीमें तैनात की हैं। संभावित प्रभावित लोगों के लिए भोजन और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए शेल्टर हाउस भी तैयार किए जा रहे हैं। प्रशासन ने संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखते हुए यमुना के जलस्तर और निचले क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं। वहीं, शनिवार के मुकाबले रविवार को यमुना नदी के जलस्तर में करीब 10 सेमी. की जल वृद्धि दर्ज की गई।

# बाढ़ प्रभावित इलाकों का एसडीएम ने किया निरीक्षण



यमुना में बढ़े जलस्तर को देखते एसडीएम अखिलेश कुमार।

**यूनिक समय, शेरगढ़।** यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए रविवार को एसडीएम छाता अखिलेश कुमार ने शेरगढ़ क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित-संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्यारहा बांगर, बाबूगढ़, बहटा सहित आसपास के क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने ग्रामीणों से सतर्क रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि फिलहाल जलस्तर में और बढ़ोतरी की कोई उम्मीद नहीं है। कुछ पानी छोड़े जाने की जानकारी है, लेकिन जब तक वह पानी यहां तक पहुंचेगा, तब तक वर्तमान पानी आगे निकल चुका होगा। ऐसे में स्थिति सामान्य रहने की उम्मीद है।



लक्ष्मीनगर में लोगों से बात करतीं एसडीएम प्राजक्ता त्रिपाठी।

## एसडीएम ने प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण बाढ़ चौकियों पर टीमें तैनात

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन तहसील की एसडीएम प्राजक्ता त्रिपाठी ने रविवार सुबह करीब छह बजे यमुना किनारे के निचले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने लक्ष्मी नगर समेत आसपास के इलाकों में पहुंचकर स्थानीय लोगों से स्थिति की जानकारी ली। एसडीएम ने बाढ़ चौकियों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को जलस्तर पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और जलस्तर बढ़ने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की।

# बिजली तार चोरी गैंग से पुलिस की हुई मुठभेड़



गोली लगने से घायल बदमाश को ले जाते पुलिसकर्मी।

## पांच बदमाश गिरफ्तार एक पुलिस की गोली से हुआ घायल

## चोरी का तार और उपकरण के अलावा तमंचे–कारतूस बरामद

**यूनिक समय,मथुरा।** थाना नौहझील पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान बिजली के तार चोरी वाले गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।

नौहझील थाना क्षेत्र में बढ़ने वाली विद्युत तार चोरी की वारदातों को लेकर पुलिस और विभागीय अधिकारी परेशान थे। पुलिस भी इस गैंग का पता लगाने के प्रयास कर रही थी। नौहझील पुलिस के साथ एंटी थेफ्ट और एंटी रिवार्डिड टीम रात में चेकिंग कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली की विद्युत तार चोरी करने वाला गैंग किसी घटना को अंजाम देने के लिए क्षेत्र में आया है। पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस की अहमदपुर रोड से कोलाहर को जाने वाले कच्चे रास्ते पर लोडर गाड़ी अशोका लीलेंड बिना नंबर की आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देख कर दो बदमाश गाड़ी से उतरकर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने भागते बदमाशों पर जवाबी फायरिंग की। पुलिस की एक गोली बदमाश के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस को देख कर कुछ बदमाश गाड़ी ही में छिप गए। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी की तो तीन बदमाश वहां मिले। पुलिस ने गोली लगने वाले बदमाश आकाश निवासी बल्देव नगर थाना ताजगंज आगरा, राकेश निवासी रेलवे स्टेशन बड़ी बस्ती अछनेरा आगरा , शानू निवासी इरादतनगर आगरा, मुराद निवासी राजापुर बगिया थाना सदरबाजार आगरा और नवीन उर्फ कलुआ निवासी हब्बापुरा थाना कुरावली आगरा है। पुलिस को तलाशी के दौरान इनके कब्जे से दो देशी तमंचे कारतूस व खोखा कारतूस तार काटने के औजार काटे गए विद्युत तारों का बंडल और लोडर गाड़ी भी बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि गैंग तार चोरी करने का काम करता है।

## चोरी की बाइक व तमंचा कारतूस बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने एक अभियुक्त को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान ई–रिक्शा मार्ग पर बिच्छुआ कुंड के समीप से युवक लाखन निवासी गांव जतीपुरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक और देशी तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

# कल हर– हर महादेव से गूंजेंगे शिवालय

**यूनिक समय, मथुरा।** सावन के दूसरे सोमवार को एक बार फिर शिवालय हर- हर महादेव से गूंजेंगे। रविवार को सैंकड़ों युवा गंगा घाट कांवड़ लेने को रवाना हुए। भीड़ की वजह से बाद- बरली हाइवे पर सुबह से शाम तक जमघट लगा रहा, जबकि डीजे पर बजने वाले भजनों



से वातावरण महकता रहा।

आज सुबह से गंगाघाट की ओर जाने वाले मार्गों पर धार्मिक वातावरण उमड़ता रहा। डीजे के संग गंगाघाट जाने वाले युवाओं के उत्साह से वातावरण पुलकित होता रहा। गांव-कस्बों के अलावा शहर के विभिन्न हिस्सों से काफी युवा गंगाघाट गए। ऐसे में बाद पुल के नीचे सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मी भी तैनात रहे।

अब दिल का इलाज हुआ और भी आसान, मथुरा का सबसे विश्वसनीय

हृदय रोग संस्थान

आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज

ओ.पी.डी. प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक
24X7 आपातकालीन

अगर आप महसूस कर रहे हैं ये लक्षण तो बिना देरी किए चिकित्सीय परामर्श एवं इलाज लें

जैसेः–बेचैनी, घबराहट, सीने में जकड़न, भारीपन व दवाब महसूस होना, सांस लेने में तकलीफ या सांस फूलना, ठंडा पसीना आना, चक्कर आना, गले में घुटन सी होना, आंखों के सामने अंधेरा होना, बांऐ हाथ या कंधे में दर्द होना, गर्दन या पीठ के बीच में दर्द होना

फ्री | ओ.पी.डी. | ई.सी.जी ब्लड शुगर की जाँच

हेल्थ इंश्योरेन्स से कैशलेस इलाज की सुविधा | भारतीय रेलवे से सम्बद्ध | ECHS की सुविधा



DR. ACHAL SHARMA
DM Cardiology (KEM Mumbai)
DrNB cardiology, DNB Gen Medicine

| TEST | MARKET RATE | OUR RATE |
|---|---|---|
| ECHO | 2500 | 1000 |
| TMT | 1500 | 500 |
| Holter | 2000 | 1500 |
| Angiography | 10000 | 7000 |
| Angioplasty | 140000 | 90000 (Stent charge Extra) |
| Pacemaker (TPI) | 15000 | 9000 |




अन्य सुविधाएं
- Angioplasty, Angiography
- Heart Failure Management
- Pediatric Cardiac Intervention/ Coarctoplasty (छाती में बिना चीरा लगाए दिल के छेद को बन्द करना) Volvuloplasties, BMV
- 2D ECHO (Adult, Pediatric, Fetal DSE, Strain, Tee)
- Cardiac ICU with all modern facilities
- Cardial Catheterization

के.डी. मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर
अकबरपुर, छाता, मथुरा हैल्पलाइन नं. 7055400400, 7088105741

# प्लांट से निकलने वाला जहरीला धुआं बन रहा जानलेवा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** राष्ट्रीय राजमार्ग–19 स्थित नवीपुर औद्योगिक क्षेत्र में लगे दर्जनों टायर जलाने वाले प्लांट से निकलने वाला जहरीला धुआं पूरे क्षेत्र के लिए जानलेवा बन रहा है। प्लांट से 24 घंटे उठने वाले इस जहरीले काले धुएं के कारण आसपास के दर्जनों गांवों के लोग कई तरह की जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

नवीपुर औद्योगिक प्लांटों में जलाए जाने वाले टायरों का निकलने वाला जहरीला धुआं लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों का कहना है कि इन प्लांटों से निकलने वाले जहरीले धुएं के कारण अब तक पूरे ग्रामीण इलाके में कई लोग गंभीर बीमारियों का शिकार होकर असमय कई लोगों की मौत हो चुकी है। सैकड़ों ग्रामीण सांस, दमा, कैंसर सहित अन्य घातक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इस जहरीले धुंए के कारण ग्रामीण इलाके के अनेक परिवार अपना घर–बार छोड़कर पलायन कर चुके हैं।


प्लांट में जलाए जा रहे टायरों से निकलता जहरीला धुंआ।


जलाने के लिए पड़े पुराने टायर।

ग्रामीणों ने बताया कि प्लांट में पुराने टायरों को जलाकर तेल निकाला जाता है। जलने के बाद निकलने वाला काला धुआं और बदबू 10–15 किमी. दूर तक के क्षेत्र में फैल जाती है। रात में धुआं और ज्यादा होता है। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का जहरीले धुंए के चलते जीना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है पिछले कई साल में गांव में अस्थमा, टीबी, स्किन और आंखों की बीमारियां तीन गुना बढ़ गई हैं। कई लोगों की मौत भी प्रदूषण की वजह से हुई है। डर के मारे 20–25 परिवार गांव छोड़कर जा चुके हैं।

## कई की हो चुकी है मौत सैंकड़ों हैं घातक बीमारियों का शिकार

## गांव छोड़ने को मजबूर लोग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नहीं कर रहा है कार्रवाई

गांव नवीपुर प्रधान प्रतिनिधि भोलू ने बताया कि सबसे बड़ी बात ये है कि ग्रामीण कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। वह स्वयं भी कई बार उच्चाधिकारियों से मिल कर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं।

# बिहारीजी में भीड़ से बेहाल हुए श्रद्धालु


एकादशी को वृंदावन की परिक्रमा लगाते श्रद्धालु।

## भीड़ को नियंत्रण करने के लिए लगाई बैरिकेडिंग

## कामिका एकादशी पर श्रद्धा के पथ पर उमड़े श्रद्धालु

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** रविवार को कामिका एकादशी पर ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ में शामिल श्रद्धालुओं को उमस भरी गर्मी से दर्शन के लिए जूझना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सुबह से मंदिर के बाहर भीड़ का दबाव इतना अधिक बढ़ गया था कि हालात बिगड़ने शुरू हुए। विद्यापीठ चौराहा से लेकर मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को करीब दो से तीन घंटे का समय लग रहा था। ऊपर धूप शरीर में चुभ सी लग थी। चटकदार धूप, उमस से श्रद्धालु पसीने से तरबतर हो गए थे। हालात यह थे कि बच्चे और महिला चीखने लगी थी। हालात बिगड़ने की आशंका से कई लोगों ने अपने छोटे बच्चों को कंधों पर बिठा लिया था। उधर प्यास से तड़प रहे श्रद्धालुओं को व्यापारियों ने पानी पिलाया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बैरियर लगा दिए। मंदिर के पट खुलते ही भीड़ का रेला मंदिर के अंदर पहुंचा। लेकिन रेलिंग में जगह फुल होने के बाद श्रद्धालुओं का प्रवेश रोक दिया गया

स्थिति यह बनी कि श्रद्धालु भीड़ के दबाव में फंसे थे। न तो वे बाहर ही निकल पा रहे थे और न ही आगे बढ़ पा रहे थे।

ऐसी स्थिति राज भोग आरती के दर्शन के समय तक बनी रही। सायं को पट खुलते ही मंदिर के बाहर भीड़ लग गई। कामिका एकादशी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने वृंदावन की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। परिक्रमा के बाद श्रद्धालु ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पहुंचे, लेकिन भीड़ के कारण आगे बढ़ने के लिए ताकत लगानी पड़ी। परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाने के लिए कहीं शर्बत वितरण किया जा रहा था तो कहीं खीर का वितरण हो रहा था। कई जगह खाने का भी वितरण किया जा रहा था। ऐसे भंडारों के बाहर लाइन लगी थी। परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं ने यमुना महारानी की पूजा-अर्चना की।


ठाकुर केशव देव के भक्त भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु।

## एकादशी पर भक्तों ने प्रसाद वितरित कर कमाया पुण्य

**यूनिक समय, मथुरा।** ठाकुर केशव देव के भक्तों ने एकादशी पर गौरी गोपाल आश्रम में भक्ति के भजनों का कार्यक्रम कर संतों को प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद का शुभारंभ अनिरुद्धाचार्य की माता द्वारा किया गया। केशव देव के भक्तों द्वारा बाहर से आए कवियों ने राधे झूलन पधारो झुक आए बदरा, बनवारी लाल शर्मा ने बदरिया बरसे श्याम नहीं आए आदि भजन गाए गए। कार्यक्रम में कन्हैया लाल सुपारी वाले, राजकुमार अग्रवाल, अनिल बंसल, नारायण बीमा, दीपक शर्मा, सुभाष अग्रवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भारतीय संस्कृति और अध्यात्म ही देश की असली ताकत: कोविंद

**यूनिक समय, वृंदावन।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को सपरिवार ठाकुर राधारमण देव के दर्शन कर पूजा–अर्चना की। यहां उन्होंने ठाकुर जी को निहारा और माथा टेककर देश में समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर के सेवायत गोस्वामियों ने पूर्व राष्ट्रपति को प्रसादी माला, पटुका और प्रसादी छावरिया भेंट की।

पूर्व राष्ट्रपति ज्ञान गुदड़ी स्थित वैजयंती आश्रम पहुंचे। यहां श्री राधारमण मंदिर के सेवायत पुंडरीक गोस्वामी के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन–यज्ञ में परिवार के सदस्यों के साथ भाग लिया। उन्होंने सबसे पहले पुंडरीक के बाबा स्व. अतुल कृष्ण गोस्वामी और पिता स्व. श्रीभूति गोस्वामी की प्रतिमाओं पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व राष्ट्रपति ने अपने आध्यात्मिक संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति और अध्यात्म ही देश की असली ताकत है, जो हमें जोड़ती है और जीवन जीने का सही मार्ग दिखाती है। उन्होंने प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण को भी भारतीय परंपरा का अहम हिस्सा बताया। पुंडरीक महाराज ने पूर्व राष्ट्रपति को प्रेम और श्रद्धा के प्रतीक के रूप में तुलसी की माला, चांदी की गाय, पावन ब्रजरज और पवित्र श्रीमदभागवत गीता भेंट की। आश्रम प्रवास के दौरान उन्होंने पुंडरीक के साथ भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और जीवन मूल्यों पर चर्चा भी की। इस अवसर पर सुकृति गोस्वामी, गोपाल टोंटी, अक्षय भरतिया, देवेश, श्याम, लव कुमार, सिद्धार्थ, आरएन सिंह और रितिका गुप्ता आदि उपस्थित थे। उन्होंने गोपी–उद्धव संवाद स्थल ज्ञान गुदड़ी परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पूर्व राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। उनके राधारमण मंदिर पहुंचने से लगभग एक–डेढ़ घंटे पहले ही श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। मंदिर के प्रवेश द्वार पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं।

पूर्व राष्ट्रपति और उनके परिवार के दर्शन कर प्रस्थान करने के बाद ही आम भक्तों के लिए मंदिर के द्वार पुनः खोले गए। अंतिम समय में अपरिहार्य कारणों से उनका निधिवन और सेवाकुंज जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।


ज्ञान गुदड़ी स्थित गोपी–उद्धव संवाद स्थल परिसर में पौधारोपण करते पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद।

## ठाकुर राधारमण महाराज को निहारते रहे पूर्व राष्ट्रपति

## लूट का खुलासा करने वाली पुलिस टीम का लघु उद्योग भारती ने किया सम्मान

# सफलता का असली श्रेय पूरी पुलिस टीम को: एसएसपी


पुलिस सम्मान समारोह में उपस्थित डीएम सीपी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार,एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, सीओ रिफाइनरी प्रवीण तिवारी, साथ में लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी।

## डीएम ने की नेतृत्व की सराहना

**यूनिक समय, मथुरा।** हाल ही में हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम का लघु उद्योग भारती की ओर से सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में पुलिस की तत्परता, सूझबूझ और टीमवर्क की सराहना की गई।

एसएसपी श्लोक कुमार ने यह श्रेय पूरी पुलिस टीम को देते हुए कहा कि किसी भी अपराध के सफल अनावरण में पूरी टीम की मेहनत, धैर्य, समर्पण और आपसी समन्वय महत्वपूर्ण होता है। इस सफलता के असली हीरो उनकी पूरी पुलिस टीम है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पुलिसकर्मियों ने लगातार मेहनत करते हुए घटना का खुलासा किया।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने एसएसपी के धैर्यपूर्ण नेतृत्व और लगातार मार्गदर्शन की सराहना की। एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बेहतर कार्य किया।

लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष अंकित बंसल ने कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों की सुरक्षा व्यापार के विकास के लिए जरूरी है। मंडल सचिव सोनल अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों और पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों के सराहनीय कार्य को सम्मानित करना समाज की जिम्मेदारी है।

इस मौके पर एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, सीओ रिफाइनरी प्रवीण तिवारी, अन्य पुलिस अधिकारी और पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। समारोह में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव दीपक अग्रवाल, अंकित बंसल, संजीव अग्रवाल, मोंटू मित्तल, संजय जिंदल, तुषार अग्रवाल, विक्की धिंगरा, कृष्ण कांत बेरिवाल, अशोक चौधरी और अभिषेक वशिष्ठ सहित संगठन के पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे।



# एआई कॉन्क्लेव में जीएलए के छात्रों का जलवा, गोल्ड समेत दो बड़े अवार्ड जीते


आगरा में आयोजित एआई फ्यूचर रेडी कॉन्क्लेव में जीएलए विश्वविद्यालय के छात्रों को बेस्ट एआई-बेस्ड इनोवेटिव प्रोजेक्ट अवार्ड और स्पेशल ज्यूरी च्वाइस अवार्ड से सम्मानित करते केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद,साथ हैं विश्वविद्यालय के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आगरा के जेपी पैलेस में आयोजित एआई फ्यूचर रेडी कॉन्क्लेव-2026 में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने दो प्रतिष्ठित अवार्ड हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। दो दिवसीय कॉन्क्लेव में 35 विद्यार्थियों ने 12 इनोवेटिव प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

सीसीएलए की ओर से एसोचैम और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से आयोजित कॉन्क्लेव में टीम धृतम ने गोल्ड, यानी प्रथम स्थान हासिल किया। टीम को बेस्ट एआई-बेस्ड इनोवेटिव प्रोजेक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं टीम अल्फा को ऑटोनॉमस क्वांट इंजन फॉर फाइनेंशियल ट्रेडिंग प्रोजेक्ट के लिए स्पेशल ज्यूरी च्वाइस अवार्ड मिला। एक ही मंच पर दो बड़े अवार्ड हासिल करना विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता और नवाचार क्षमता को दर्शाता है।

टीम धृतम ने मेंटल हेल्थटेक वेलनेस वियरेबल डिवाइस तैयार किया था।

इस प्रोजेक्ट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वियरेबल तकनीक का उपयोग कर मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़ी जरूरतों के लिए तकनीक आधारित समाधान विकसित करने का प्रयास किया गया। वहीं टीम अल्फा के प्रोजेक्ट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटिटेटिव तकनीक के माध्यम से वित्तीय कारोबार के क्षेत्र में आधुनिक समाधान प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट वास्तविक जीवन की समस्याओं पर आधारित रहे, जिन्हें विशेषज्ञों और निर्णायक मंडल ने सराहा।

कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने प्रदर्शनी का भ्रमण कर जीएलए के विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट देखे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके नवाचार की जानकारी ली और प्रोजेक्ट की गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने प्रोजेक्ट प्रस्ताव मंत्रालय में भेजने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि इन्हें आगे विकसित कर बाजार के लिए उपयोगी समाधान बनाया जा सके।

## 12 इनोवेटिव प्रोजेक्ट के साथ 35 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

## टीम धृतम को बेस्ट एआई-बेस्ड इनोवेटिव प्रोजेक्ट अवार्ड

## टीम अल्फा को स्पेशल ज्यूरी च्वाइस अवार्ड

जीएलए विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को नवाचार और स्टार्टअप के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय का टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर विद्यार्थियों को नए विचारों को प्रोजेक्ट और स्टार्टअप में बदलने के लिए मार्गदर्शन देता है। शोध प्रयोगशालाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और आधुनिक तकनीकों से जुड़े प्रयोग की सुविधाएं उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार, जीएलए देश का पहला माइक्रोसॉफ्ट जेनएआई और गूगल एजेंटिक एआई कैंपस है।

कॉन्क्लेव में विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर के वाइस प्रेसीडेंट रविकुमार तिवारी और तकनीकी प्रशिक्षक डॉ. सायंतन सिन्हा ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने एआई, उभरती तकनीकों, नवाचार और युवा उद्यमियों के अवसरों पर विचार साझा किए। प्रतिनिधिमंडल में दीपक शर्मा, जीतेंद्र शर्मा और दीपांश गोयल भी शामिल रहे। कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने कहा कि कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल के मार्गदर्शन में शिक्षा के साथ रिसर्च, इनोवेशन, स्टार्टअप और आधुनिक तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने विचारों को प्रोजेक्ट और स्टार्टअप में बदलने के अवसर दिए जा रहे हैं। कॉन्क्लेव में टीम धृतम और टीम अल्फा की सफलता इसी प्रयास का परिणाम है।

# भगत सिंह पार्क को मिलेगी नई पहचान आधुनिक थीम पर होगा विकास

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने वार्ड संख्या 49 स्थित भगत सिंह पार्क का निरीक्षण कर इसे आधुनिक और आकर्षक थीम पर विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्क की साफ-सफाई, हरित क्षेत्र, पौधों-वृक्षों, पाथवे, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल और शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।


सफाई मित्रों को सम्मानित करते नगर आयुक्त ओजस्वी राज।

नगर आयुक्त ने कहा कि पार्क के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण के लिए आर्किटेक्ट से डिजाइन तैयार कराया जाएगा। प्रवेश द्वारों को मथुरा की सांस्कृतिक-ऐतिहासिक विरासत की थीम पर विकसित किया जाएगा, ताकि पार्क में प्रवेश करते ही ब्रज संस्कृति की झलक दिखाई दे। पार्क में बेहतर लैंडस्केपिंग, आकर्षक पाथवे, बैठने और प्रकाश की व्यवस्था भी की जाएगी। जर्जर पानी की टंकी को ध्वस्त कराने के लिए जल निगम से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी दौरान भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर नगर निगम की ओर से 'गंदगी छोड़ो आंदोलन' का आह्वान किया गया। नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 49 और 35 के स्वच्छता कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 50 सफाई मित्रों को साफा, पटका, ग्लव्स, मास्क और लड्डू देकर सम्मानित किया।

## नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, 50 सफाई मित्रों को किया सम्मानित, गंदगी छोड़ो आंदोलन का आह्वान

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। सफाई मित्र शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। नागरिक कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालें और गीले-सूखे कचरे को अलग रखना चाहिए। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, पार्षद मनोज कुमार सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और सफाई मित्र मौजूद रहे।

# गिरफ्तारी नहीं हुई तो सड़कों पर उतरेगा ब्राह्मण समाज


बैठक के बाद बात रखते ब्राह्मण समाज के बंधु।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** वृंदावन के चैतन्य विहार स्थित एक गेस्ट हाउस में कोसीकलां निवासी अनुराग शर्मा और छत्तीसगढ़ निवासी मेघा साहू के साथ की गई कथित मारपीट के मामले में ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश है।

रविवार को तागड़ा मोहल्ला में आयोजित समाज की बैठक में पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई। समाज ने चेतावनी दी कि पुलिस द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया। ब्राह्मण समाज के वेदराम शर्मा ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए समाज पूरी मजबूती से साथ खड़ा है।

जरूरत पड़ी तो मामला जिला स्तर से लेकर मुख्यमंत्री तक उठाया जाएगा। बैठक में राम प्रसाद शर्मा, मनोज त्यागी, दिनबंधु, देवेश त्यागी, देवदत्त, मनोज शर्मा, गिरधारी, मनीष सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सद्भावना फाउंडेशन ने युवाओं को पौधरोपण के प्रति किया जागरूक

**यूनिक समय,मथुरा।** युवाओं को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के सद्भावना फाउंडेशन के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कदंब, पीपल, अशोक, तुलसी और आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष दयाल ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा जिस दिशा में आगे बढ़ती है, वह समाज की दिशा और दशा बदलने की क्षमता रखती है। श्याम सिंह ने कहा कि वातावरण में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है। विपिन सैनी,योगेश यादव ने कहा कि प्रदूषण आज गंभीर समस्या बन चुका है। कपिल और दीपक शर्मा ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हम अपने साथ आने वाली पीढ़ियों के जीवन को भी सुरक्षित कर सकते हैं। रिज्जू गौतम, उमंग गुप्ता,मनीष गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक वर्ष पौधरोपण तो किया जाता है, लेकिन कई बार पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल नहीं हो पाती। इस मौके पर केशव, पुनीत आदि मौजूद रहे।

# अग्रसेन महिला प्रकोष्ठ ने मनाया हरियाली तीजोत्सव


कार्यक्रम में मौजूद श्री अग्रसेन मानव सेवा मंडल महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री अग्रसेन मानव सेवा मंडल महिला प्रकोष्ठ की ओर से गणपति पैलेस होटल में हरियाली तीज उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान शिव-पार्वती की वंदना से हुआ। निर्देशिका ममता बिंदल, संरक्षिका लक्ष्मी गुप्ता,पुष्पा अग्रवाल, अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, मंत्री प्राची बंसल और कोषाध्यक्ष सुनीता चौकसी ने शिव-पार्वती और राधा-कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।

उत्सव की संयोजिका गुंजन अग्रवाल और नीलम अग्रवाल ने फटाफट गेम, हाउसी और ग्रुप गेम कराकर महिलाओं का मनोरंजन किया। 'आओ पधारो म्हारे देश' में शीतल, दीपा, नीतू, विनीता और नेहा ने सुंदर प्रस्तुति दी। मेहंदी कार्यक्रम में मंजली, तृप्ति, रूपाली और बरखा ने नृत्य किया। हास्य नाटिका में शिखा, प्रिया और मेघा ने प्रस्तुति दी। 'शिव शक्ति' कार्यक्रम में अंशुल, राधिका, धरा, कीर्ति और कृतिका ने भगवान शिव की पूजा और महिमा पर प्रस्तुति दी। श्वेता, राधा, गुंजीता और मोनिका ने राजस्थानी संस्कृति की झलक दिखाई। पक्स्युलिटी विजेता भी चुने गए।

संचालन प्राची बंसल, गुंजन और नीलम ने किया। हास्य रचना मंजूलता ने प्रस्तुत की। मंडल की निर्देशिका ने पुरानी हरियाली तीज परंपराओं पर प्रस्तुति कार्यक्रम में ममता, नीता, मीता, मीनाली, बबीता, रितु, सुनीता, सिम्पल, रिम्पी, पायल, सीमा, योगिता, ऊषा, तृप्ति, राधा, शालिनी, मेघा, रंजना, रूबी, नीतू, लक्ष्मी, शिखा, सुनीत, पुष्पा, लता, स्नेहलता, मंजूलता, रेखा, नीलम, सरिता, बृजलता, बीना, मीरा, प्रीति, कल्पना, मनीषा, शीतल, मुकुल, वंदना, रुपम, श्वेता, सोनल, राखी, प्रिया, वर्षा, हेमलता, गीत, मायारानी और जेरूम्नी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## राजस्थानी संस्कृति की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

## खेल प्रतियोगिताओं संग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

# छत से गिरी महिला की मौत

**यूनिक समय, कोसीकलां।** गोपाल बाग निवासी रोहताश की पत्नी प्रथम तल से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई थी। परिवार के लोगों ने उसे उपचार के लिए केडी मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हॉस्पिटल स्टाफ ने पुलिस को इस बारे में सूचना दी है। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा करे के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः-** यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

# बाइक सवार को 200 मीटर घसीटता ले गया ट्रक

## युवक का पैर कटा बाइक में भी लगी आग

## हाईवे पर हादसे को देख लोगों के खड़े हुए रौंगटे

**यूनिक समय, फरह।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसा सामने आया है। हाईवे स्थित फतिहा के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक बाइक सवार को रौंदता हुआ उसे करीब 200 मीटर तक सड़क पर घसीटता हुआ चला गया। इस भयानक हादसे में युवक का एक पैर कट गया और उसकी बाइक में भीषण आग लग गई। घटना को देख हाईवे पर चलने वालों के दिल दहल गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग पर वहान अपनी तेज रफ्तार से दौड़ रहे थे। इसी दौरान एक युवक भी अपनी बाइक से जा रहा था। इसी बीच अचानक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक बाइक को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। ट्रक के साथ घिसट रही बाइक और युवक को देखने वालों के रौंगटे खड़े हो गए। चालक ने ट्रक को रोका तक नहीं। काफी दूर घिसटने पर बाइक में आग लग गई। दुर्घटना में बाइक सवार का पैर भी कट गया। सड़क पर चल रहे राहगीरों ने तुरंत हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाकर किसी तरह ट्रक को रुकवाया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर टोल चौकी प्रभारी समेत स्थानीय पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गंभीर रूप से घायल युवक राधारमण निवासी परखम को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है। ट्रक और चालक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## गांव सेमरी में सपा प्रत्याशी लोकमणि कांत जादौन ने कराई पीडीए पंचायत

**यूनिक समय,छाता।** विधानसभा क्षेत्र के गांव सेमरी में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लोकमणि कांत जादौन द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद सविता ने पीडीए के अधिकार और सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय विकास के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी समाज के हर शोषित, वंचित और पिछड़े वर्ग की आवाज को प्रमुखता से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकमणि कांत जादौन ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए छाता विधानसभा में सभी की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्रामीण-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रथम पहल धर्मार्थ क्लीनिक में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



## सौ से अधिक मरीजों ने नि:शुल्क सेवाओं का लाभ उठाया

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रथम पहल धर्मार्थ क्लीनिक ने स्व. गोविंद प्रसाद अग्रवाल (सजावट वाले) की स्मृति में ग्रीन वैली पर निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया। 100 से अधिक मरीजों की जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दिवाकर गोयल, नाक–कान–गला रोग विशेषज्ञ डॉ. अमिताभ पांडेय और दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव अग्रवाल ने सेवाएं दीं।

महामंडलेश्वर नवल गिरि ने संस्था की सेवा की सराहना की। शिविर संयोजक गौरव अग्रवाल व रोहित अग्रवाल ने सहयोगियों का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रथम पहल फाउंडेशन के संस्थापक सीए अमित अग्रवाल, अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल (स्वीटी), सचिव प्रियेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज तालीवाल, नारायण हरि गोयल, रूपेश अग्रवाल, नकुल खंडेलवाल, योगेश गोयल, बाल मुकुंद अग्रवाल और केशव देव सराफ मौजूद रहे। काजल ठाकुर, दीपक राजपूत, रोशनी, कृष्णा व हाकिम सिंह ने सहयोग किया।

# 'द लीजेंड्स' ग्रुप के तीजोत्सव में बिखरे संस्कृति और मनोरंजन के रंग



तीजोत्सव में भजनों पर झूमते ग्रुप के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** द लीजेंड्स ग्रुप की ओर से तीजोत्सव कार्यक्रम 'बीट्स एंड बॉन्ड्स' का आयोजन स्थानीय होटल में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों, मां–बेटी नृत्य और विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए। जयति, मुक्ता वार्ष्णेय, हिना सरीन, प्रियंका वर्मा और ज्योति तरकर ने अपनी बेटियों के साथ मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। वहीं पूजा शर्मा ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुति किया,कनिका वर्मा ने शिव–पार्वती पर आधारित भक्तिमय प्रस्तुति दी। लता, आरती सुनेजा, नीता मित्तल, बबीता खन्ना, हर्ष,सोनिका अग्रवाल, भरत, सपना खंडेलवाल,अमित,पूनम गुप्ता, मदन, मीनू बंसल, पंकज, पूजा शर्मा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष विपिन ओबेरॉय, भावना अरोरा,पूजा शर्मा एवं ग्रुप के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में लगा शिविर रक्तदाता हुए सम्मानित




जिला चिकित्सालय में लगाए रक्तदान शिविर के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज अग्रवाल, समिति संस्थापक अमित भारद्वाज, डॉ. अंशुमान गोयल, मेडिकल ऑफिसर गीता शर्मा।

**यूनिक समय, मथुरा।** महर्षि दयानंद जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक में ब्लड की कमी के चलते श्रीमदभागवत कथा आयोजन समिति और मां वैष्णो देवी मित्र मंडल के संयुक्त तत्वाधान में लगाए रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज अग्रवाल, मेडिकल ऑफिसर डा. गीता शर्मा, समिति संस्थापक अमित भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष डा. अंशुमान गोयल और शशांक पाठक ने श्रीयमुना महारानी के चित्रपट पर माल्यार्पण-दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विवेक सूतिया,सुमित वर्मा, कन्हैया रिलेक्सो, कुशाग्र अग्रवाल, आनंद शर्मा, प्रवीन मित्तल, क्षमा सिंह, पवन मित्तल, अनुज राजपूत, महादेव, गिरधारी लाल अग्रवाल, राकेश गौड़, बिहारीलाल गौड़ आदि उपस्थित थे। व्यवस्था में ब्लड बैंक काउंसलर सुशीला शर्मा, नर्सिंग आफीसर अंजू शर्मा, लेब टेक्नीशियन पप्पू सिंह का योगदान रहा ।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे की बालाजीपुरम कालोनी में एक विवाहिता ने घरेलू कलह के चलते बीती रात फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। बालाजीपुरम कालोनी निवासी राकेश कुमार की शादी करीब दस साल पहले पूजा के साथ हुई थी। पूजा और राकेश के दो बच्चे हैं। बताया गया कि पूजा का किसी बात को लेकर परिवार के साथ कलह चल रही थी। पूजा ने बीती रात घर के कमरे में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या करली। पूजा द्वारा की गई आत्महत्या का पता लगने पर परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया। आस–पास के लोगों को जब पूजा द्वारा आत्महत्या किए जाने का पता लगा तो इलाके में सनसनी फैल गई। काफी संख्या में लोग राकेश के मकान पर पहुंच गए। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अरहेरा स्कूल में बाल संसद का गठन, वंदना चुनीं पीएम



उच्च प्राथमिक विद्यालय अरहेरा के बाल संसद गठन की जीत के बाद खुशी जाहिर करते विद्यार्थी।

**यूनिक समय, मथुरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय अरहेरा में इको क्लब के अंतर्गत बाल संसद का गठन किया गया। सभी छात्र– छात्राओं ने मतदान किया गया। मतदान के आधार पर सभी सदस्यों का चयन किया। विद्यालय परिवार ने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण-निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया। जिसमें बाल संसद की प्रधानमंत्री वंदना चुनी गई। वहीं, दूसरे नंबर पर रहे कक्षा सात के मंयक को स्वास्थ्य मंत्री पद मिला, कक्षा आठवीं की आकांक्षा को खेल कूद- सांस्कृतिक मंत्री पद के लिए चुना गया। नवनिर्वाचित को पुरस्कार वितरण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान अध्यापक मुकेश मित्तल, रमा कुमारी, राजवीर सिंह, देवेंद्र शर्मा, भावना चौधरी, सरोज कुमारी, गुंजन चौधरी,राजीव रावत जिला मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ आदि मौजूद रहे।



फूलों के हिंडोले में विराजमान राजाधिराज।

# फूलों के हिंडोले में विराजमान हुए राजाधिराज

**यूनिक समय, मथुरा।** ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में सावन मास के ग्यारहवें दिन ठाकुर जी फूलों के हिंडोले में विराजमान हुए। दर्शन पाकर श्रद्धालुओं ने राजाधिराज के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर मंदिर प्रांगण जयकारों से गूज उठा। पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार सावन मास में ठाकुर जी को लाड़ लड़ाने के भाव से विभिन्न प्रकार के घटा और हिंडोले सजाए जाते हैं। ठाकुर जी को फूलों से सजे हिंडोले में विराजमान कराए गए। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने दर्शन कर ठाकुर जी का आशीर्वाद लिया।

मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि सावन मास में हिंडोला और घटा उत्सव हर साल किए जाते है। सोमवार को संध्या उद्यापन के दर्शन शाम पांच बजे से होंगे। शयन के दर्शन शाम सात बजे से रात आठ बजे तक ठाकुर जी केसरी घटा में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे।

## घर में घुसकर भाईयों ने भाई और भाभी को पीटा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के लालाराम मार्ग पर रहने वाले एक युवक ने अपने ही भाइयों पर घर में घुसकर पत्नी और उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत की है। लालाराम मार्ग निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह रविवार दोपहर को घर आकर सो रहा था। इसी दौरान उसके भाई कदीर और मोनू घर में आए। इन लोगों ने उसकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। नींद खुलने पर भाइयों से पत्नी के साथ मारपीट करने का कारण पूछा तो उन्होंने उसके साथ भी मारपीट की। भाई उससे घर खाली कराना चाहते हैं। पहले भी मारपीट कर चुके हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिला मनोज सोनी का शव

**यूनिक समय, मथुरा।** गोविंदनगर पुलिस को रविवार शाम तक मनोज सोनी का शव अक्रूर के जंगल में तलाश करने के बाद भी नहीं मिल सका है। हालांकि पुलिस शव को तलाश करने के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगा रही है। गौरतलब है कि मनोज सोनी के ससुर द्वारा दामाद की हत्या करने की बात का खुलासा किए जाने से सभी अचंभित थे। उन्होंने अपनी बेटी, नातिन और उसके प्रेमी युवक द्वारा मनोज सोनी की हत्या कर शव को फैंक दिए जाने की जानकारी पुलिस को दी थी। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर लंबी पूछताछ करने के बाद छिपाए गए मनोज के शव को बरामद करने के लिए अक्रूर के जंगल और यमुना के किनारे काफी लंबी दूरी तक शव को तलाश करने का प्रयास किया। यही नहीं पुलिस अभी भी शव को तलाश करने में जुटी है। हालांकि पुलिस ने मकुदमा दर्ज करने के बाद कल ही तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। पुलिस के सामने शव को तलाश करने में एक समस्या यह भी आ रही है कि कहीं शव को यमुना में फैंक दिया होगा तो तीन महीने में शव यमुना में बहकर कहीं का कही पहुंच गया होगा।

# कांग्रेस ने मनाई भारत छोड़ो आंदोलन की 84 वी वर्षगांठ

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के सेठवाड़ा स्थित कार्यालय पर आज भारत छोड़ो आंदोलन की 84 वीं वर्ष गांठ को हिंसा नफरत भारत छोड़ो दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद कहा कि भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता शोषण शिक्षा परीक्षा व्यवस्था में हेराफेरी और चढ़ावा चोरी के खिलाफ राहुल गांधी के नेतृत्व में नफरत हिंसा की राजनीति को निर्णायक रुप से हराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर साम्प्रदायिक विरोधी समिति के जिला अध्यक्ष शिवदत्त चतुर्वेदी ने भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्टभूमि और इतिहास पर प्रकाश डाला। पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि, उमेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी एडवोकेट, अशोक सैनी, धर्मेंद्र सिंह प्रधान, अर्पित जादौन,गीता दिवाकर आदि ने नौ अगस्त के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अमित दीक्षित, निशु यादव एडवोकेट, अनिल खरे, सशील गौतम, ललित शर्मा, भोलू, मोनू कुरैशी, राजेश धनगर सुरेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।




जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्ष गांठ मनाते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

## सुविचार



**वक्त बदलता रहता है इसलिए उम्मीद का दीपक हर परिस्थिति में जलाए रखिए, हमेशा मुस्कुराते रहिए।**

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | द्वादशी | 11:05-08:01 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | आद्रा | 02:43-12:26 तक | माह | श्रावण |
| सूर्योदय | | 5:51 AM | चन्द्रोदय | 02:41 AM |
| सूर्यास्त | | 6:57 PM | चंद्रास्त | 05:17 PM |
| सूर्य राशि | | कर्क राशि | चंद्र | कर्क राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:58AM –12:51 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:15-05:43 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 07:29 AM: 09:08 AM | वार | सोमवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

## मंदिर खुलने व बंद होने का समय

- श्रीबांके बिहारीजी मंदिर में सुबह 8.00 से दोपहर 01.30 बजे तक और शाम 4.00 से रात 9.00 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्री गर्भगृह के दर्शन सुबह 6.30 बजे से रात 9 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत भवन व अन्य मंदिर में सुबह 6.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक।
- द्वारकाधीश मंदिर में सुबह 6.30 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7.30 बजे तक।

## कल का राशिफल

**मेषः** कल कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है।

**वृषभः** कल धन लाभ के अवसर बनेंगे। व्यापार में सफलता मिलेगी। परिवार में खुशियां आएंगी और स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। यात्रा लाभदायक होगी।

**मिथुनः** कल मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। निवेश सोच–समझकर करें। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**कर्कः** कल आत्मविश्वास बढ़ेगा और महत्वपूर्ण निर्णय ले पाएंगे। आर्थिक लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी।

**सिंहः** कल कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। नए अवसर मिलेंगे। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कन्याः** कल योजनाओं में सफलता मिलेगी। नौकरी में तरक्की के संकेत हैं। धन संबंधी मामलों में लाभ होगा।

**तुलाः** कल रुके कार्य पूरे होंगे। व्यापार में नए सौदे मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

**वृश्चिकः** कल कार्यों में सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं। परिवार के साथ समय बिताएंगे।

**धनुः** कल करियर में नए अवसर मिलेंगे। आर्थिक लाभ होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकरः** कल मेहनत से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कुंभः** कल व्यापार में लाभ होगा। नई योजनाएं सफल रहेंगी। नौकरी में प्रगति के संकेत हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा और स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मीनः** कल भाग्य का साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। प्रेम जीवन में खुशियां आएंगी और परिवार का सहयोग मिलेगा।

# चाणक्य नीति : इन चार लोगों से अपनी कमजोरी हमेशा छिपाएं

### स्वार्थी और अपमान करने वालों से भावनाएं बचाएं

### दुश्मन और ईर्ष्यालु लोगों से दूरी रखना है समझदारी

**यूनिक समय, मथुरा।** जिंदगी में हर किसी के सामने अपने मन की बात रखना हमेशा समझदारी नहीं होती। दुख, तनाव या परेशानी के समय इंसान भावुक होकर कई बार ऐसी बातें भी साझा कर देता है, जिन्हें बाद में दूसरे लोग उसकी कमजोरी के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। चाणक्य नीति में भी व्यक्ति को अपनी भावनाओं और निजी बातों को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि व्यक्ति अपने आंसू या दुख हमेशा दबाकर रखे। भावनाएं व्यक्त करना जरूरी है, लेकिन यह तय करना उससे भी जरूरी है कि मन की बात किसके सामने रखी जाए। गलत व्यक्ति के सामने कही गई निजी बात आगे चलकर परेशानी का कारण बन सकती है।

जो व्यक्ति आपसे ईर्ष्या करता है या आपको अपना विरोधी मानता है, उसके सामने अपनी कमजोरी जाहिर करने से बचना चाहिए। ऐसे लोग आपकी परेशानी को समझने के बजाय उसका फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं। कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा के दौरान यह स्थिति और गंभीर हो सकती है। आपकी निजी परेशानी, आर्थिक स्थिति या पारिवारिक तनाव की जानकारी विरोधी आपके खिलाफ इस्तेमाल कर सकता है।

इसी तरह उन लोगों से भी सावधान रहना चाहिए, जो आपकी सफलता से खुश नहीं होते। ऐसे लोगों के सामने भावनाओं पर नियंत्रण रखना आत्मसम्मान और व्यवहारिक समझदारी दोनों माना जाता है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

कुछ लोग रिश्ते भी अपने फायदे के लिए निभाते हैं। जब तक उन्हें आपसे लाभ मिलता है, वे आपके करीब बने रहते हैं। लेकिन मुश्किल समय में आपकी मजबूरी को ही अपने हित में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसलिए ऐसे लोगों के सामने निजी समस्याएं साझा करने से पहले अच्छी तरह सोच लेना चाहिए।

उन लोगों से भी मन की बात कहने से बचना चाहिए, जो पहले ही आपकी भावनाओं का मजाक उड़ा चुके हों या आपको सम्मान नहीं देते हों। आपकी परेशानी को दूसरों के बीच चर्चा का विषय बनाना आपके आत्मविश्वास को चोट पहुंचा सकता है।

इसके अलावा ऐसे व्यक्ति के सामने भी गंभीर समस्याएं साझा करने से बचना चाहिए, जो खुद छोटी–छोटी बातों से घबरा जाता हो। वह आपकी मदद करने के बजाय स्वयं तनाव में आ सकता है।

इसलिए अपनी परेशानी किसी भरोसेमंद मित्र, परिवार के सदस्य, गुरु या अनुभवी व्यक्ति के साथ साझा करना बेहतर है। सही व्यक्ति के सामने रोना कमजोरी नहीं, बल्कि खुद को संभालने की शुरुआत हो सकती है। चाणक्य नीति की सीख का सार भी यही है– भावनाएं दबाएं नहीं, लेकिन उन्हें सही व्यक्ति तक ही पहुंचाएं।

# महाकाल के अभिषेक में क्यों खास है कोटितीर्थ जल

### हनुमान जी लाए थे सभी तीर्थों का जल

### करोड़ों तीर्थों जितना पुण्य देता है कोटितीर्थ जल

**यूनिक समय, मथुरा।** उज्जैन स्थित बाबा महाकाल मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर परिसर में मौजूद प्राचीन कोटितीर्थ कुंड का धार्मिक महत्व भी बेहद खास माना जाता है। मान्यता है कि बाबा महाकाल के पूजन, अभिषेक और आरती में इसी कुंड के पवित्र जल का उपयोग किया जाता है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीराम की विजय के बाद यज्ञ के लिए भगवान हनुमान देशभर के पवित्र तीर्थों का जल लेकर अयोध्या पहुंचे थे। इसके बाद अवंतिका नगरी पहुंचने पर उन्होंने सभी तीर्थों का जल एक स्थान पर डाल दिया। यही स्थान



कोटितीर्थ कुंड माना जाता है। मंदिर परिसर में मौजूद सूर्यमुखी हनुमान जी की प्रतिमा के हाथ में कलश और सोटा भी इस कथा से जोड़ा जाता है।

मान्यता है कि कोटितीर्थ जल से आचमन करने पर करोड़ों तीर्थों के समान पुण्य मिलता है। श्रद्धालु इसे पवित्र और औषधीय गुणों वाला भी मानते हैं। धार्मिक विश्वास है कि इसके छिड़काव या सेवन से कष्ट और बाधाएं दूर होती हैं। यह कुंड सदियों से आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

# वास्तु के अनुसार नेम प्लेट लगाते समय रखें यह सावधानी

### मुख्य द्वार की दिशा और रोशनी का रखें ध्यान

### नेम प्लेट पर चिन्ह और सामग्री सोचकर चुनें

**यूनिक समय, मथुरा।** घर के मुख्य द्वार पर लगी नेम प्लेट केवल पहचान का माध्यम नहीं मानी जाती, बल्कि वास्तु शास्त्र में इसे घर के प्रवेश स्थान से जोड़कर देखा जाता है। मान्यता है कि सही दिशा और साफ–सुथरी नेम प्लेट सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक हो सकती है।

वास्तु मान्यताओं के अनुसार नेम प्लेट के लिए पूर्व दिशा को शुभ माना जाता है। हालांकि घर के मुख्य द्वार की स्थिति के अनुसार स्थान तय करना बेहतर होता है। नेम प्लेट ऐसी जगह लगाएं, जहां नाम स्पष्ट दिखाई दे। इसके ऊपर हल्की पीली रोशनी लगाने की भी सलाह दी जाती है। नेम प्लेट पर देवी–देवताओं की तस्वीर लगाने से बचने की सलाह दी जाती है। स्वास्तिक और ॐ जैसे शुभ प्रतीक लगाए जा सकते हैं। लकड़ी या पत्थर की नेम प्लेट को प्राथमिकता देने की मान्यता है। प्लास्टिक से बचने की सलाह दी जाती है। नेम प्लेट पर नाम स्पष्ट और सीमित जानकारी में होना चाहिए। सुनहरे रंग को भी शुभ माना जाता है।

# कुंडली में बुध ग्रह को मजबूत करने के लिए बुधवार को जरूर अपनाएं यह उपाय

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ज्योतिष में ऐसा माना जाता है कि कुंडली में यदि बुध ठीक है तो समझो जीवन में सब कुछ ठीक है। वहीं अगर बुध खराब है तो इसका सीधा असर आपके पूरे जीवन पर पड़ता है। बुध की खराब स्थिति आपके जीवन में नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

इसी कारण से लोग इस ग्रह को मजबूत बनाए रखने के लिए कई विशेष उपाय आजमाते हैं। ऐसा माना जाता है कि बुध को प्रसन्न करने का मुख्य दिन बुधवार है और यदि इस दिन आप कुछ आसान उपायों को आजमाते हैं तो कुंडली में बुध की स्थिति को मजबूत किया जा सकता है।

आइए जाने माने ज्योतिषाचार्य डॉ. उमाशंकर मिश्रा जी से जानें कि कैसे आप कुंडली में बुध की स्थिति को मजबूत बना सकते हैं और बुधवार के दिन कौन से उपाय आजमा सकते हैं। आमतौर पर सभी हिंदू घरों में तुलसी का



पौधा लगा होता है, लेकिन यदि अप अपनी कुंडली में बुध ग्रह की शुभता पाना चाहते हैं तो बुधवार के दिन तुलसी का पौधा घर में जरूर लगाएं और इस पौधे की नियमित पूजा करें और इस पर जल चढ़ाएं।

**गाय को हरा चारा खिलाएंः** कुंडली में बुध ग्रह को मजबूत बनाने के लिए बुधवार के दिन गाय को अवश्य ही हरा चारा खिलाएं। इसके साथ ही आप गरीबों को हरी चीजों का दान भी अवश्य दें। ऐसा करने से बुध की स्थिति मजबूत होगी और कष्टों का निवारण होगा।

**हरे पौधे लगाएंः** कुंडली में बुध ग्रह को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक चौड़े पत्ते वाले पौधे लगाएं और संभव हो तो पेड़ पौधों का ही दान करें। इसके साथ ही बुधवार के दिन घर के मुख्य द्वार पर पांच तरह के हरे पत्तों का तोरण बनाकर लगाएं इससे घर में सकारात्मकता आती है।

**दुर्गा चालीसा का पाठ करें :** बुधवार के दिन यदि आप माता दुग्रा की पूजा करने के साथ दुर्गा चालीसा का पाठ करती हैं तो आपके जीवन में सदैव समृद्धि बनी रहती है। मुख्य रूप से बुधवार के दिन दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और बुध ग्रह की मजबूती के लिए प्रार्थना करें। इस दिन किसी मंदिर में जाकर माता दुर्गा को हरी चूड़ियां चढ़ाएं और कन्याओं को हरी चीजों का दान करें।

**बुधवार के दिन कौड़ी का उपायः** बुध ग्रह से जुड़े दोष को दूर करने के लिए बुधवार के दिन 5 कौड़ियों को बहते हुए जल में प्रवाहित करें और बुध की मजबूती की कामना करें। इस उपाय से आपके सभी दोष दूर हो सकते हैं और कुंडली में बुध की स्थिति ठीक की जा सकती है।

**गणपति का करें पूजनः** बुधवार के दिन गणपति का विशेष रूप से पूजन करें और उन्हें दूर्वा अर्पित करें। इस उपाय से गणपति को प्रसन्न करने और बुध की स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

**हरे रंग के वस्त्र धारण करेंः** बुध को मजबूत बनाने के लिए आप बुधवार के दिन हरे रंग के वस्त्र धारण करें। किसी भी स्थान पर शुभ काम के लिए जाते समय हरे रंग का इस्तेमाल जरूर करें। यदि आप हरे कपड़े नहीं पहन सकते हैं तो इस रंग के रूमाल का इस्तेमाल जरूर करें।

**किसी को अपशब्द न कहेंः** यदि कुंडली में बुध ग्रह की स्थिति कमजोर है तो भूलकर भी बुधवार के दिन किसी गरीब या दुर्बल का निरादर न करें। ऐसा कोई भी काम न करें जो दूसरों को परेशानी में डाल सके। इस दिन आप गरीबों को कंबल, अन्न, भोजन आदि का दान दें। इस दिन जो व्यक्ति बिना स्वार्थ के ही दान–पुण्य करता है उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और कुंडली में बुध को मजबूत करने में मदद मिलती है।

## सम्पादकीय

# लोकायुक्त में सौदेबाजी यूपी में भ्रष्टाचार पर सवाल?

भ्रष्टाचार पकड़ने वाली संस्था के भीतर ही यदि भ्रष्टाचार का खेल शुरू हो जाए, तो सवाल सिर्फ रिश्वत का नहीं रहता, भरोसे का हो जाता है। मध्य प्रदेश लोकायुक्त से जुड़े एक स्टिंग में सामने आए आरोप इसी विडंबना की तस्वीर पेश करते हैं। जिन कर्मचारियों पर भ्रष्टाचारियों को पकड़ने और कानून के हवाले करने की जिम्मेदारी है, उन्हीं पर केस कमजोर करने, जांच लंबी खींचने और सबूतों को प्रभावित करने के लिए पैसे मांगने के आरोप लगना लोकतंत्र की संस्थागत व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि यहां कथित तौर पर रिश्वत भी कोई छिपी हुई भाषा में नहीं मांगी गई। रकम तय, किस्त तय और काम की गारंटी तक! तीन लाख से पांच लाख रुपए में जांच की दिशा बदलने के दावे सामने आए। कहीं आवाज के नमूने को प्रभावित करने की बात, कहीं गवाहों को 'मैनेज' करने का दावा और कहीं जांच को इतना लंबा खींचने की रणनीति कि आरोपी सेवानिवृत्त हो जाए। भ्रष्टाचार की दुनिया में शायद इसे नई 'सेवा श्रेणी' कहा जा सकता है–पहले पकड़ो, फिर बचाने की फीस लो!



पवन गौतम
संपादक

व्यंग्य यह है कि जिस संस्था का नाम ही लोकायुक्त है, वहां यदि 'लोक' के बजाय 'लाभ' दिखाई देने लगे तो जनता आखिर शिकायत लेकर जाए कहां? पुलिस और जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता इसी भरोसे पर टिकी होती है कि वे सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगी और कानून को पैसे के तराजू पर नहीं तौलेंगी। यदि जांच की दिशा रकम देखकर तय होने लगे तो ईमानदार और भ्रष्ट व्यक्ति के बीच अंतर केवल भुगतान क्षमता का रह जाएगा।

स्कैन करें

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

सबसे चिंताजनक आरोप वॉयस सैंपल और गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े हैं। जांच में तकनीकी साक्ष्य की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में यदि इन्हीं साक्ष्यों को 'मैनेज' करने का दावा सामने आए तो यह न्याय व्यवस्था की नींव पर चोट है। क्योंकि कमजोर सबूत का मतलब केवल एक आरोपी को राहत नहीं, बल्कि भविष्य के भ्रष्टाचारियों के लिए भी हौसला हो सकता है। हालांकि स्टिंग में सामने आए आरोपों की अंतिम सच्चाई जांच के बाद ही तय होगी। लेकिन आरोप इतने गंभीर हैं कि इन्हें केवल 'एक–दो कर्मचारियों की करतूत' कहकर टालना पर्याप्त नहीं होगा। सवाल यह है कि क्या संस्थाओं में ऐसी निगरानी व्यवस्था है जो भीतर बैठे भ्रष्ट तंत्र को समय रहते पकड़ सके?

भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने वाली संस्था की विश्वसनीयता बचाना इसलिए जरूरी है क्योंकि जनता को न्याय की उम्मीद वहीं से होती है। अगर भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ी संस्था ही सौदेबाजी का अड्डा बन जाए, तो फिर भ्रष्टाचारियों को डर किस बात का रहेगा? असली सुधार केवल दोषियों पर कार्रवाई से नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने से होगा जहां किसी जांच की कीमत तय करने की गुंजाइश ही न बचे।

## नजरिया

# असहमति दबेगी तो लोकतंत्र की आवाज भी दब जाएगी

बोध प्रकाश सगुणी

लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने और सरकार बनाने की व्यवस्था नहीं है। लोकतंत्र की वास्तविक ताकत उस वातावरण में होती है, जहां सत्ता से सवाल पूछे जा सकें, नीतियों की आलोचना हो सके और असहमति रखने वाले व्यक्ति को भी अपनी बात कहने का पूरा अधिकार मिले। जिस लोकतंत्र में केवल सत्ता की पसंद की आवाजें सुनाई दें, वहां लोकतांत्रिक संस्थाएं भले कायम रहें, लेकिन उसकी आत्मा धीरे–धीरे कमजोर होने लगती है। इसलिए असहमति का अधिकार लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह कहना कि राजनीतिक मतभेदों का समाधान गोलियों से नहीं, बल्कि खुली और पुरजोर बहस से होना चाहिए, सिद्धांत के स्तर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना से मेल खाता है। यह अलग बात है कि ट्रंप और अमेरिकी मीडिया के बीच संबंध लंबे समय से बेहद तल्ख रहे हैं। उन्होंने कई अवसरों पर समाचार संस्थानों पर पक्षपात का आरोप लगाया, पत्रकारों को निशाना बनाया और आलोचनात्मक रिपोर्टिंग पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। ऐसे में उनके मुंह से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और बहस की बात सुनना स्वाभाविक रूप से सवाल पैदा करता है। लेकिन किसी सिद्धांत की अहमियत इस आधार पर समाप्त नहीं हो सकती कि उसका समर्थन करने वाला व्यक्ति स्वयं हमेशा उस पर खरा नहीं उतरता।

यही लोकतंत्र की खूबसूरती है। किसी विचार का मूल्य उसके समर्थक की व्यक्तिगत छवि से बड़ा हो सकता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ केवल उन विचारों को बोलने की आजादी नहीं है, जिन्हें सत्ता या समाज का प्रभावशाली वर्ग पसंद करता है। असली स्वतंत्रता तो उस समय सामने आती है, जब कोई व्यक्ति ऐसा विचार व्यक्त करता है जो सत्ता को असुविधाजनक लगे, बहुमत को नागवार गुजरे या किसी प्रभावशाली समूह के हितों को चुनौती देता हो।

यदि पत्रकार सरकार की आलोचना करे तो सरकार को उसका जवाब तथ्यों और तर्कों से देना चाहिए। यदि किसी खबर में तथ्यात्मक गलती है तो उसका खंडन किया जा सकता है। यदि किसी संस्था ने कानून तोड़ा है तो कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। लेकिन आलोचना का जवाब सरकारी दबाव, विज्ञापन रोकने, संस्थागत कार्रवाई या पत्रकारों को डराने के रूप में दिया जाने लगे, तो मामला केवल राजनीतिक असहमति का नहीं रह जाता। तब सवाल लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा का बन जाता है।

प्रेस की स्वतंत्रता इसी कारण लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ मानी जाती है। पत्रकारिता सत्ता का विरोध करने के लिए नहीं, बल्कि सत्ता से जवाब मांगने के लिए होती है। लोकतांत्रिक शासन में सरकार जनता के प्रति जवाबदेह होती है और स्वतंत्र मीडिया उस जवाबदेही को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पत्रकार सवाल पूछते हैं, दस्तावेज खंगालते हैं, सरकारी दावों की जांच करते हैं और उन मुद्दों को सामने लाते हैं जिन्हें सत्ता शायद सार्वजनिक विमर्श में नहीं आने देना चाहे। यही कारण है कि स्वतंत्र प्रेस किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है।

हालांकि प्रेस की स्वतंत्रता का अर्थ यह भी नहीं है कि मीडिया कानून से ऊपर हो जाए। पत्रकारिता में भी तथ्य, जिम्मेदारी और पेशेवर मर्यादा का महत्व है। गलत सूचना, जानबूझकर भ्रामक खबर या मानहानिकारक सामग्री पर कानूनी उपाय उपलब्ध होने चाहिए। लेकिन इन उपायों और सत्ता के दुरुपयोग के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखना जरूरी है। कानून का उद्देश्य आलोचना को रोकना नहीं, बल्कि अधिकारों और जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाना होना चाहिए।

लोकतांत्रिक समाज में सबसे खतरनाक प्रवृत्तियों में से एक यह है कि लोग अपने राजनीतिक नजरिए के अनुसार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन करने लगते हैं। जब विरोधी दल या नेता की आलोचना होती है, तो हमें वह आलोचना अच्छी लगती है। लेकिन जब वही सवाल हमारे पसंदीदा नेता से पूछे जाते हैं, तो हम पत्रकार की नीयत पर सवाल उठाने लगते हैं। यही दोहरा रवैया लोकतांत्रिक संस्कृति को कमजोर करता है। लोकतंत्र में यह जरूरी नहीं कि सभी लोग एक ही सुर में बोलें। जरूरी यह है कि



अलग–अलग सुरों को सुनने की क्षमता समाज और सत्ता में बनी रहे। असहमति से असहज होना स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन असहमति को अपराध मान लेना खतरनाक है। बहस जितनी खुली होगी, लोकतांत्रिक निर्णय उतने ही बेहतर होंगे। सवालों से डरने वाली सत्ता अंततः अपनी ही कमजोरियों से घिरती जाती है।

अमेरिकी व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि वहां संस्थागत संतुलन को लोकतंत्र की सुरक्षा का आधार माना गया है। सरकार के फैसलों पर न्यायपालिका की निगरानी, संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सुरक्षा और स्वतंत्र संस्थाओं की भूमिका यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि कोई एक व्यक्ति या सरकार असीमित शक्ति हासिल न कर सके। लोकतंत्र की स्थिरता इसी संस्थागत संतुलन से आती है।

भारत के लिए भी इस बहस में महत्वपूर्ण सबक छिपा है। यहां भी राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ने के साथ मीडिया की भूमिका पर बहस तेज हुई है। सरकार और मीडिया के बीच मतभेद लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन उन्हें व्यक्तिगत दुश्मनी में बदलना किसी के हित में नहीं है। सत्ता को आलोचना सहने की क्षमता विकसित करनी होगी और मीडिया को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए तथ्य तथा निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

सोशल मीडिया ने असहमति की आवाजों को व्यापक मंच दिया है, लेकिन इसके साथ नई चुनौतियां भी आई हैं। फर्जी खबरें, ट्रोलिंग, व्यक्तिगत हमले और संगठित दुष्प्रचार सार्वजनिक बहस को कमजोर करते हैं। इसलिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदार अभिव्यक्ति की संस्कृति भी जरूरी है। लोकतंत्र में हर व्यक्ति को बोलने का अधिकार है, लेकिन किसी दूसरे के अधिकारों और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की छूट असीमित नहीं हो सकती।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लोकतंत्र की रक्षा केवल संविधान और कानून नहीं करते। लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए राजनीतिक संस्कृति भी जरूरी है। सत्ता को विपक्ष की बात सुननी होगी, विपक्ष को सत्ता की हर बात को केवल विरोध के लिए खारिज करने से बचना होगा और समाज को अपने वैचारिक दायरे से बाहर की आवाजों को सुनने का साहस दिखाना होगा।

लोकतंत्र की असली परीक्षा तब नहीं होती, जब सभी लोग सत्ता की प्रशंसा कर रहे हों। परीक्षा तब होती है, जब कोई व्यक्ति सत्ता के सामने खड़ा होकर असहमति व्यक्त करता है। क्या उसे बोलने दिया जाएगा? क्या उसकी बात का जवाब तर्क से दिया जाएगा? क्या संस्थाएं उसके अधिकारों की रक्षा करेंगी? इन्हीं सवालों के जवाब तय करते हैं कि लोकतंत्र कितना मजबूत है।

अंततः असहमति लोकतंत्र की दुश्मन नहीं, उसकी जीवनरेखा है। सत्ता बदलती रहती है, नेता आते–जाते रहते हैं और राजनीतिक विचारधाराएं भी समय के साथ बदलती हैं। लेकिन स्वतंत्र विचार, खुली बहस और सवाल पूछने का अधिकार कायम रहना चाहिए। क्योंकि जिस दिन समाज यह तय कर लेगा कि केवल अपनी पसंद की आवाज ही सुनी जाएगी, उसी दिन लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण दरवाजा बंद होना शुरू हो जाएगा। इसलिए जरूरी है कि हम अपने विरोधी की आवाज को भी उतनी ही मजबूती से बोलने का अधिकार दें, जितना अधिकार हम अपनी आवाज के लिए चाहते हैं।

## विचार विंडो

# हसीना की वापसी से बदलेगी बांग्लादेश की राजनीति

राम प्रकाश अग्रवाल

लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन जितना स्वाभाविक है, उतना ही जरूरी विपक्ष के अस्तित्व और असहमति के अधिकार का सम्मान भी है। बांग्लादेश आज इसी कसौटी पर खड़ा दिखाई दे रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की दिसंबर 2026 में स्वदेश लौटने की घोषणा ने ढाका की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। यह महज एक नेता की वापसी का सवाल नहीं है, बल्कि इससे बांग्लादेश की लोकतांत्रिक दिशा, राजनीतिक सहिष्णुता और भारत–बांग्लादेश संबंधों का भविष्य भी जुड़ा हुआ है।

शेख हसीना का यह कहना कि गिरफ्तारी, जेल या मृत्यु का भय भी उन्हें अपने देश लौटने से नहीं रोक सकता, उनके समर्थकों के लिए राजनीतिक साहस का संदेश है। लेकिन विरोधियों के लिए यह चुनौती भी है। पिछले सत्ता परिवर्तन के बाद बांग्लादेश में जिस तरह राजनीतिक टकराव बढ़ा है, उससे लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा पर सवाल उठ रहे हैं। यदि किसी लोकप्रिय राजनीतिक ताकत को चुनावी मैदान से बाहर करने की कोशिश होती है, तो इससे लोकतंत्र की विश्वसनीयता कमजोर होगी। जनता को यह तय करने का अवसर मिलना चाहिए कि वह किसे सत्ता सौंपना चाहती है।

बांग्लादेश की मौजूदा राजनीति अब केवल अवामी लीग और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के बीच सत्ता संघर्ष नहीं रह गई है। इसके केंद्र में 1971 के मुक्ति संग्राम की विरासत, राष्ट्र की पहचान और भविष्य की वैचारिक दिशा भी शामिल हो चुकी है। अवामी लीग लंबे समय से स्वयं को मुक्ति संग्राम की मूल राजनीतिक चेतना का प्रतिनिधि बताती रही है, जबकि अन्य दल भी अब उसी विरासत पर अपना दावा कर रहे हैं। इतिहास की इस प्रतिस्पर्धी व्याख्या ने राजनीतिक ध्रुवीकरण को और गहरा किया है। ऐसे माहौल में हसीना की वापसी निश्चित रूप से बांग्लादेश की राजनीति को नई धार दे सकती है, लेकिन यह भी संभव है कि उनके लौटने से राजनीतिक विभाजन और तीखा हो जाए।

सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि बांग्लादेश उनकी वापसी को लोकतांत्रिक चुनौती के रूप में स्वीकार करता है या राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में। किसी नेता के खिलाफ आरोपों और कानूनी मामलों की स्वतंत्र न्यायिक प्रक्रिया में जांच होनी चाहिए, लेकिन न्याय और राजनीतिक बदले के बीच की रेखा स्पष्ट रहनी चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि सत्ता में बैठे लोग अपने राजनीतिक विरोधियों को संस्थागत प्रक्रिया के भीतर चुनौती दें, न कि उन्हें भय और दमन के जरिए समाप्त करने की कोशिश करें।

इस पूरे घटनाक्रम में भारत की भूमिका बेहद



महत्वपूर्ण है। भारत और बांग्लादेश के संबंध केवल सीमा से जुड़े पड़ोसी देशों के संबंध नहीं हैं। दोनों देशों के बीच इतिहास, भाषा, संस्कृति, व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और संपर्क के गहरे रिश्ते हैं। पिछले डेढ़ दशक में दोनों देशों के संबंधों में आई निकटता में हसीना सरकार और नई दिल्ली के बीच बने विश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सीमा प्रबंधन, आतंकवाद के खिलाफ सहयोग, ऊर्जा, व्यापार और पूर्वोत्तर भारत की संपर्क व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों ने उल्लेखनीय प्रगति की। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद भारत के सामने चुनौती बदल गई है। नई दिल्ली को एक तरफ बांग्लादेश की नई सरकार के साथ संवाद बनाए रखना है और दूसरी तरफ शेख हसीना से जुड़े संवेदनशील मुद्दों को भी संभालना है। यही वह जगह है जहां भारतीय कूटनीति की वास्तविक परीक्षा होगी। भारत को किसी व्यक्ति या दल का समर्थक दिखाई देने के बजाय बांग्लादेश की जनता, संस्थाओं और दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों के साथ संबंध मजबूत करने चाहिए।

आने वाले समय में गंगा जल संधि के नवीनीकरण, तीस्ता जल बंटवारे, सीमा सुरक्षा, सीमा–पार व्यापार, अवैध घुसपैठ और शेख हसीना के प्रत्यर्पण जैसे मुद्दे दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित कर सकते हैं। इन प्रश्नों का समाधान भावनात्मक बयानबाजी से नहीं, बल्कि कानून, कूटनीति और पारस्परिक हितों के आधार पर तलाशना होगा। विशेष रूप से प्रत्यर्पण का मामला भारत के लिए बेहद संवेदनशील है। इसमें कानूनी दायित्वों के साथ राजनीतिक परिस्थितियों और मानवीय पहलुओं का संतुलन भी जरूरी होगा।

दूसरी ओर चीन का बांग्लादेश में बढ़ता प्रभाव भारत के लिए रणनीतिक चुनौती है। ढाका स्वाभाविक रूप से अपनी विदेश नीति में विकल्प बढ़ाना चाहता है। ऐसे में भारत के लिए केवल चीन के प्रभाव का विरोध करना पर्याप्त नहीं होगा। उसे बांग्लादेश को बेहतर आर्थिक अवसर, निवेश, आधारभूत ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने होंगे। पड़ोसी को केवल सुरक्षा के नजरिए से देखने के बजाय विकास के साझेदार के रूप में देखना अधिक प्रभावी रणनीति होगी।

अंततः शेख हसीना की वतन वापसी बांग्लादेश के लोकतंत्र की बड़ी परीक्षा होगी। यदि उन्हें निष्पक्ष राजनीतिक अवसर मिलता है, तो जनता स्वयं अपना फैसला करेगी। यदि राजनीतिक प्रतिशोध और हिंसा का वातावरण बना रहता है, तो उसका नुकसान केवल अवामी लीग या उसके विरोधियों को नहीं, बल्कि पूरे बांग्लादेश को होगा। अस्थिर बांग्लादेश भारत सहित पूरे दक्षिण एशिया के लिए चिंता का कारण बनेगा।

भारत को भी इस परीक्षा में संतुलित और दूरदर्शी भूमिका निभानी होगी। उसे बांग्लादेश के आंतरिक राजनीतिक संघर्ष का पक्षकार बनने से बचते हुए लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवाद और स्थिरता का समर्थन करना चाहिए। आखिर मजबूत पड़ोसी वही है जिसके साथ मतभेद होने पर भी बातचीत के रास्ते खुले रहें।

दिसंबर में यदि शेख हसीना वास्तव में बांग्लादेश लौटती हैं, तो यह केवल एक नेता की घर वापसी नहीं होगी। यह तय करेगा कि ढाका की राजनीति लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ती है या और गहरे ध्रुवीकरण की तरफ जाती है। साथ ही यह भारत की कूटनीति की भी परीक्षा होगी कि वह बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच रिश्तों को व्यक्तियों से ऊपर उठाकर संस्थागत विश्वास और साझा हितों के आधार पर कितना मजबूत रख पाता है। बांग्लादेश के लिए भी यही सबसे बड़ी चुनौती है–हसीना लौटें तो लोकतंत्र जीते, प्रतिशोध नहीं।

# शाहनवाज खान ने लॉन्ग जंप में जीता कांस्य पदक




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिका के यूजीन में आयोजित अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीट शाहनवाज खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लॉन्ग जंप में कांस्य पदक अपने नाम किया। 18 वर्षीय शाहनवाज ने फाइनल के तीसरे प्रयास में 7.84 मीटर की दूरी तय कर पोडियम पर जगह बनाई। इसके साथ ही भारत ने प्रतियोगिता में अपना तीसरा पदक हासिल कर लिया।

शाहनवाज की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही थी, लेकिन उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार किया। तीसरे प्रयास में 7.84 मीटर की छलांग लगाकर उन्होंने पदक की दावेदारी मजबूत की। इसके बाद पांचवें प्रयास में भी उन्होंने 7.83 मीटर की दूरी तय की। उनके लगातार बेहतर प्रदर्शन ने उन्हें शीर्ष तीन खिलाड़ियों में बनाए रखा।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने शाहनवाज की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे भारतीय एथलेटिक्स के लिए महत्वपूर्ण सफलता बताया। फेडरेशन के अनुसार, शुरुआती दौर में पीछे रहने के बावजूद शाहनवाज ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण समय पर बेहतरीन छलांग लगाई। लॉन्ग जंप स्पर्धा में इटली के इंजोली ने 7.97 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया के मैक्ग्रोडर ने 7.96 मीटर की दूरी तय कर रजत पदक जीता। शाहनवाज 7.84 मीटर के प्रदर्शन के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस पदक के

## शानदार प्रदर्शन से शाहनवाज ने कांस्य पदक किया पक्का

## बासंत मेघवाल ने हाई जंप में जीता रजत पदक

साथ शाहनवाज इस चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले भारत के तीसरे एथलीट बन गए हैं। उनसे पहले शनिवार को आशीष यादव ने जेवलिन थ्रो में और बासंत कुमार मेघवाल ने हाई जंप में रजत पदक जीता था। इससे पहले राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ निवासी बासंत कुमार मेघवाल ने हाई जंप में रजत पदक हासिल किया था। 19 वर्षीय बासंत ने 2.21 मीटर की ऊंचाई पार कर अपने करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

हाई जंप में अल्जीरिया के यूनेस अयाची ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के ओटिस पूल को कांस्य पदक मिला। भारतीय खिलाड़ियों के लगातार शानदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता में देश की पदक तालिका मजबूत हुई है।

# अशिमता चालिहा ने कोरिया मास्टर्स में जीता खिताब



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने रविवार को कोरिया मास्टर्स सुपर-300 महिला एकल का खिताब जीतकर करियर की बड़ी उपलब्धि हासिल की। फाइनल में उन्होंने चीन की चौथी वरीयता प्राप्त हान कियान शी को 14-21, 21-14, 21-14 से हराया। 53 मिनट चले मुकाबले में अश्मिता ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी की।

भारत के लिए यह लगातार दूसरा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब है। इससे पहले तन्वी शर्मा ने दो अगस्त को ताइपे ओपन का खिताब जीता था। अश्मिता ने शुरुआत में 3-0 की बढ़त बनाई, लेकिन हान ने वापसी करते हुए पहला गेम 21-14 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक रुख अपनाया और स्मैश के दम पर 21-14 से गेम जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया।

## पहले गेम में पिछड़ी फिर शानदार वापसी की

## निर्णायक गेम में बढ़त बनाकर जीता खिताब

तीसरे गेम में हान 11-9 से आगे थीं, लेकिन अश्मिता ने लगातार अंक जुटाकर 12-11 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने चीनी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया और 21-14 से गेम जीतकर पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम किया।

अश्मिता ने 2024 में घुटने की चोट के बाद सर्जरी और लंबी वापसी प्रक्रिया पूरी की थी। वापसी के बाद उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ और अब उन्होंने कोरिया में खिताब जीतकर अपनी क्षमता साबित की।

# सोहेल की पार्टी में सलमान ने पैपराजी को चुप कराया

## रात में शोर कम करने का सलमान ने दिया इशारा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'अलायंस' की सफलता के बाद अभिनेता सोहेल खान ने मुंबई में पार्टी आयोजित की। इसमें उनके भाई और अभिनेता सलमान खान भी पहुंचे। सलमान ऑल ब्लैक लुक और हैट में नजर आए। पार्टी से निकलते समय बाहर मौजूद पैपराजी ने उन्हें देखकर आवाज लगानी शुरू कर दी। इस पर सलमान ने उंगली उठाकर सभी को शांत रहने का इशारा किया।

सलमान कार के पास पैपराजी से घिरे दिखाई दिए। फोटोग्राफर्स के लगातार पुकारने पर उन्होंने हाथ के इशारे से आवाज धीमी रखने को कहा। उनका इशारा रात होने और आसपास शोर नहीं करने की ओर था। सलमान ने ब्लैक टी-शर्ट और ब्लेजर के साथ मैरून पैटर्न वाली पैंट पहनी थी।

पार्टी की अंदरूनी तस्वीरें अभिनेता कुशाल टंडन ने साझा कीं। इनमें वे सलमान और सोहेल के साथ नजर आए। शो के होस्ट कुणाल खेमू पत्नी सोहा अली खान के साथ पहुंचे। कई कलाकारों और शो से जुड़े लोगों ने भी समारोह में हिस्सा लिया।

# सोनू निगम ने कराई सर्जरी ऑपरेशन थिएटर में गाया गाना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मशहूर गायक सोनू निगम ने सर्जरी से पहले ऑपरेशन थिएटर से एक वीडियो साझा किया है। वीडियो में वह मेडिकल टीम के बीच नजर आ रहे हैं। खास बात यह रही कि उन्होंने सर्जरी से पहले डॉक्टरों के लिए गाना भी सुनाया। सोनू ने मोहम्मद रफी का प्रसिद्ध गीत 'सुहानी रात ढल चुकी' गाया।

सोनू ने बताया कि यह डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लिए अचानक की गई छोटी-सी प्रस्तुति थी। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में भी संगीत उन्हें सकारात्मक ऊर्जा देता है। वीडियो सामने आने के बाद प्रशंसकों ने उनके जज्बे की सराहना की और जल्द स्वस्थ होने की

## मेडिकल टीम के सामने सोनू ने गीत सुनाया


## सर्जरी किस बीमारी के लिए हुई, यह जानकारी नहीं

शुभकामनाएं दीं।

सोनू ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि उनकी सर्जरी किस स्वास्थ्य समस्या के कारण हुई। इससे पहले उन्होंने नसों से जुड़ी परेशानी और तेज दर्द का जिक्र किया था। उस दौरान उन्होंने एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी जांच कराई थी। अब प्रशंसक उनके स्वास्थ्य संबंधी अगले अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।

# टॉक्सिक के ट्रेलर में यश के लुक ने मचाई खूब धूम

## यश के अलग अंदाज ने दर्शकों को चौंकाया



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कन्नड़ अभिनेता यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिक' का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है। ट्रेलर में यश का खतरनाक अंदाज, अलग-अलग रूप और दमदार एक्शन दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। फिल्म में कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी, नयनतारा और संजीदा शेख भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगी।

ट्रेलर में यश के एक अलग लुक ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी हैं। उनके किरदार को लेकर दर्शकों के बीच तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कुछ दर्शकों ने उनके लुक और हिंसक अंदाज की तुलना रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' से की है। वहीं, यश के एक अन्य लुक की तुलना कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने क्रिकेटर हार्दिक पांड्या से भी की।

फिल्म में यश के डबल रोल की भी चर्चा है। ट्रेलर में उनका किरदार पिता और बेटे के रूप में दिखाई देता है। दोनों रूपों में उनका अंदाज काफी अलग नजर आ रहा है। एक्शन, खून-खराबे और रहस्यमयी कहानी की झलक ने उत्सुकता बढ़ा दी है।

'टॉक्सिक' का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है, जबकि वेंकट के. नारायण इसके निर्माता हैं। फिल्म 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के बाद अब दर्शकों की नजर फिल्म की कहानी और यश के किरदार पर टिकी है।

# लगातार तीन शतकों से जेक लिब्बी ने रचा इतिहास



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट में वॉर्सेस्टरशायर के कप्तान जेक लिब्बी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारतीय स्टार रुतुराज गायकवाड़ का बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। खास बात यह है कि 33 वर्षीय लिब्बी ने अभी तक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण भी नहीं किया है। इसके बावजूद उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में सर्वाधिक बल्लेबाजी औसत के मामले में गायकवाड़ को पीछे छोड़ दिया। लिब्बी इस समय वनडे कप में जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। ससेक्स के खिलाफ उन्होंने 96 गेंदों पर नाबाद 109 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी की बदौलत वॉर्सेस्टरशायर ने 334 रन के लक्ष्य का सफल पीछा किया। यह टूर्नामेंट में लिब्बी का लगातार तीसरा शतक रहा। दिलचस्प बात यह है कि पिछले तीन मुकाबलों में उन्होंने हर बार 109 रन ही बनाए हैं।

लिब्बी ने इससे पहले मिडिलसेक्स के खिलाफ नाबाद 109 रन बनाए थे। उनकी पारी के दम पर वॉर्सेस्टरशायर ने 294 रन का लक्ष्य हासिल किया था। इसके बाद एसेक्स के खिलाफ उन्होंने 100 गेंदों में 109 रन की पारी खेली, हालांकि उस मुकाबले में टीम 377 रन के बड़े लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी। ससेक्स के खिलाफ तीसरे लगातार शतक के साथ लिब्बी ने लिस्ट-ए क्रिकेट में अपना बल्लेबाजी औसत 61.40 तक पहुंचा दिया। वह अब 56 मुकाबलों में 2456 रन बना चुके हैं।

उनके नाम छह शतक और 18 अर्धशतक दर्ज हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 126 रन है।

लिब्बी के रिकॉर्ड कायम करने के

## रुतुराज का वर्ल्ड रिकॉर्ड टूटा

## गायकवाड़ दूसरे स्थान पर पहुंचे

बाद रुतुराज गायकवाड़ 58.61 के औसत के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में इंग्लैंड के सैम हेन 58.18 के औसत के साथ तीसरे, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज माइकल बेवन 57.86 के साथ चौथे स्थान पर हैं।

भारतीय क्रिकेट के स्टार विराट कोहली भी इस सूची में शामिल हैं। कोहली का लिस्ट-ए क्रिकेट में बल्लेबाजी औसत 57.80 है और वह पांचवें स्थान पर मौजूद हैं। लिब्बी की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अब उनकी निगाहें इस रिकॉर्ड को और मजबूत करने पर होंगी।

# समय रैना ने असम बाढ़ पीड़ितों को दिए दस लाख रुपए



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** असम में बाढ़ से बिगड़े हालात के बीच स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना ने राहत कार्यों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। उन्होंने असम मुख्यमंत्री राहत कोष में 10 लाख रुपये का योगदान दिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर समय रैना का आभार जताया और उनके योगदान की जानकारी साझा की। समय रैना के दान की जानकारी सामने आने के बाद उनके प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर उनकी पुरानी कानूनी परेशानी को लेकर भी सवाल उठाए। कई लोगों ने मुख्यमंत्री की पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए, समय के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लेने की मांग की। समय रैना पहले अपने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर विवादों में रहे हैं। शो से जुड़े मामले में उनके और अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी। फिलहाल बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए उनके योगदान की चर्चा हो रही है।

# धर्मांतरण की सूचना पर चर्च पहुंचे हिंदू संगठन के कार्यकर्ता, पांच हिरासत में

## सभा का विरोध, पुलिस ने पांच लोगों से पूछताछ शुरू की

## पुलिस बोली, जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी



**यूनिक समय, लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र के भदेसुवा गांव स्थित एक चर्च में रविवार को कथित धर्मांतरण की सूचना मिलने पर हंगामा हो गया। सूचना मिलने के बाद बजरंग दल और हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और वहां चल रही सभा का विरोध किया। इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि चर्च में बाहर से आए कुछ लोग ग्रामीणों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने सभा को रुकवाने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। चौकी प्रभारी अनूप सिंह के अनुसार, सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पांच लोगों को थाने लाया गया। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक भदेसुवा गांव में करीब 15 वर्ष पहले चर्च का निर्माण हुआ था। संगठन के कार्यकर्ताओं ने यहां धार्मिक गतिविधियां संचालित होने का दावा किया है। उन्होंने एक व्यक्ति पर धर्म परिवर्तन के बाद पादरी की वेशभूषा में धार्मिक गतिविधियों में लोगों को शामिल करने का आरोप भी लगाया है। साथ ही इन गतिविधियों का संबंध गनियार गांव स्थित एक चर्च से होने का दावा किया गया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ के बाद ही आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट होगी।

अधिकारियों ने कहा कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा में किराए के फ्लैट में पकड़ा फर्जी कॉल सेंटर



## पुलिस ने छापा मारकर कई युवक-युवतियों को पकड़ा

## फ्लैट मालिक से भी पुलिस कर रही पूछताछ

**यूनिक समय, आगरा।** आगरा के ताजगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने किराए के फ्लैट में चल रहे कथित फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर फ्लैट पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान वहां काम कर रहे कई युवक-युवतियों को हिरासत में लिया गया। सभी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, फ्लैट से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। इन उपकरणों के जरिए किस तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस ने फ्लैट मालिक को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि फ्लैट किसके कहने पर लिया गया था और यहां कितने समय से गतिविधियां चल रही थीं। हिरासत में लिए गए युवक-युवतियों से कॉल सेंटर के संचालन, कर्मचारियों की भूमिका और संभावित नेटवर्क के संबंध में जानकारी ली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक लाख का इनामी गैंगस्टर सुनील भारतीया गिरफ्तार



**प्रयागराज।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने रविवार को फाफामऊ क्षेत्र से एक लाख रुपये के इनामी गैंगस्टर सुनील कुमार भारतीया उर्फ गुंगे को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ फाफामऊ थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। एसटीएफ के अनुसार, फरार और इनामी अपराधियों की तलाश के दौरान टीम को सुनील के बारे में जानकारी मिली थी। पुलिस उपाधीक्षक शैलेश प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण और निरीक्षक जय प्रकाश राय के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। सूचना के आधार पर आरोपी को जय गुरुदेव आश्रम से करीब 50 मीटर पीछे बेला कछार की ओर सुबह लगभग 8:45 बजे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2019 से साथियों के साथ चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। एसटीएफ के मुताबिक, उसके खिलाफ प्रयागराज जीआरपी और फाफामऊ थाने में चोरी, लूट, बरामदगी और एनडीपीएस समेत विभिन्न धाराओं में 10 मुकदमे दर्ज हैं। वह पहले भी जेल जा चुका है।

# हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर बरसे फूल, गूंजे जयकारे



## प्रशासन ने शिवभक्तों का पुष्पवर्षा से किया भव्य स्वागत

## सुरक्षा व्यवस्था के बीच कांवड़ मार्ग पर उमड़ा उत्साह

**यूनिक समय, गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा के दौरान रविवार को गाजियाबाद में शिवभक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। जिला प्रशासन की ओर से कांवड़ मार्ग से गुजर रहे शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। आसमान से फूलों की बारिश होते ही कांवड़ियों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। पुष्पवर्षा के दौरान पूरा कांवड़ मार्ग 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने हाथ उठाकर भगवान शिव का जयघोष किया और प्रशासन के स्वागत की सराहना की। श्रद्धालुओं ने कहा कि हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा ने उनकी धार्मिक यात्रा को यादगार बना दिया।

कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। अधिकारियों की टीमें लगातार मार्गों की निगरानी कर रही हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। प्रशासन की ओर से जगह-जगह कांवड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पुष्पवर्षा के दौरान मार्ग पर मौजूद लोगों ने भी इस दृश्य को उत्साह के साथ देखा। प्रशासन के इस स्वागत से कांवड़ियों में भक्ति और जोश और बढ़ गया।

## रील बनाने पहुंचे युवक को गार्ड ने मारी गोली, मौत

**यूनिक समय, गाजियाबाद।** साहिबाबाद क्षेत्र में निर्माणाधीन पार्श्वनाथ बिल्डिंग में रविवार को रील बनाने पहुंचे युवक समीर की गोली लगने से मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार समीर दो साथियों के साथ परिसर में दाखिल हुआ था। सुरक्षा गार्ड विवेक यादव ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं रुके। गार्ड ने लाइसेंसी बंदूक से फायर किया, जिसमें समीर घायल हो गया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने गार्ड को गिरफ्तार कर हथियार जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# रील बनाते समय एयरगन चली, छात्र की मौत

## रील बनाते समय अचानक दबा एयरगन का ट्रिगर

## पिता ने लगाया जानबूझकर गोली चलाने का आरोप



**यूनिक समय, आगरा।** आगरा के पिनाहट क्षेत्र में शनिवार शाम एयरगन से गोली चलने के बाद 12वीं के छात्र की मौत हो गई। 16 वर्षीय मोहित प्रजापति पड़ोस के निर्माणाधीन मकान में ट्यूशन पढ़ने गया था। बताया गया कि मकान में जंगली जानवरों को भगाने के लिए एयरगन रखी थीं। ट्यूशन के दौरान मोहित और उसके दोस्त एयरगन लेकर रील बनाने लगे। इसी बीच अचानक ट्रिगर दब गया और गोली मोहित के निजी अंग में जा लगी। गंभीर हालत में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता विनोद प्रजापति ने घटना को हादसा मानने से इनकार किया है। उनका आरोप है कि कुछ दिन पहले मोहित का एक छात्र से विवाद हुआ था और उसे धमकी भी मिली थी। पिता का दावा है कि वही छात्र उसे एयरगन वाले कमरे में ले गया था। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है। परिजनों से लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 400 करोड़ रूपये की ठगी में जुनैद के पांच गुर्गों की तलाश



## पुलिस खंगाल रही खातों को, सिंडिकेट का खुलासा हुआ

## फर्जी योजनाओं में निवेश का झांसा देकर ठगी

**यूनिक समय, अलीगढ़।** एएमयू कर्मचारियों और आम लोगों से करीब 400 करोड़ रुपये की कथित ठगी के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मुख्य आरोपी जुनैद अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद अब उसके पांच सहयोगियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, ठगी की रकम सीधे जुनैद के खाते में नहीं पहुंचती थी, बल्कि सहयोगियों और कर्मचारियों के खातों में मंगाई जाती थी। जांच में सुहेल अहमद, उकैस, दीपक कुमार, मोहम्मद बिलाल और जेबा परवीन के नाम सामने आए हैं। पुलिस इनसे जुड़े बैंक खातों और लेनदेन की जानकारी खंगाल रही है। अधिकारियों का कहना है कि सहयोगियों की गिरफ्तारी के बाद ठगी के नेटवर्क और रकम के इस्तेमाल को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। जांच के मुताबिक जुनैद ने एएमयू से वाणिज्य विषय में पीएचडी की थी। वर्ष 2022 में उसने मैरिस रोड स्थित लैंडमार्क मॉल में साइना फाइनेंशियल एडवाइजर नाम से कार्यालय खोला। आरोप है कि वह लोगों को साइना इन्वेस्टमेंट, साइना हॉलिडेज और सेहला फार्मा जैसी योजनाओं में निवेश का लालच देता था। पुलिस के अनुसार, भारी मुनाफे का झांसा देकर करीब तीन साल तक लोगों से रकम जुटाई गई। वर्ष 2025 में निवेशकों को संदेह होने के बाद मामला सामने आया। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ठगी की रकम कहां-कहां भेजी गई और किन संपत्तियों में निवेश किया गया। अधिकारियों के मुताबिक नेटवर्क के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी से मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

# अतीक की कब्र पर पहली बार पहुंचे उमर-अली

## अबान के जनाजे में चार साल बाद मिले तीनों भाई



**यूनिक समय, प्रयागराज।** अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान को शनिवार को कसारी-मसारी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। जनाजे में जेल में बंद उसके बड़े भाई उमर और अली पैरोल पर शामिल हुए। करीब चार साल बाद तीनों भाई उमर, अली और अहजम एक साथ मिले तो भावुक हो गए और एक-दूसरे के गले लगकर रोने लगे। अबान को दफनाने के बाद तीनों भाई उसके पास कुछ देर बैठे। इसके बाद वे अपने पिता अतीक अहमद की कब्र पर पहुंचे और सिर रखकर काफी देर तक रोते रहे। अतीक और अशरफ की अप्रैल 2023 में हत्या कर दी गई थी।


अतीक के पास ही उनके बेटे असद को भी दफनाया गया है। जनाजे के दौरान उमर और अली को पुलिस सुरक्षा में वैन से कब्रिस्तान लाया गया। दोनों भाइयों ने एक-दूसरे को देखकर गले लगाया। अली के हाथ में हथकड़ी लगी थी। दोनों ने अबान के जनाजे को कंधा भी दिया। अहजम भी जनाजे में शामिल हुआ और भावुक नजर आया। परिवार के सदस्यों ने अबान को कब्र में उतारकर सुपुर्द-ए-खाक की रस्म पूरी की। इसके बाद तीनों भाई अपनी बुआ से भी मिले। करीब एक घंटे तक उन्होंने परिवार के सदस्यों से बातचीत की।

इस दौरान उमर और अली ने बुआ से भावुक होकर पूछा कि आखिर यह सब क्या हो गया। अबान की मौत और परिवार में लगातार हुई घटनाओं से माहौल गमगीन रहा। कब्रिस्तान में मौजूद लोगों ने भी तीनों भाइयों को भावुक देखकर शोक व्यक्त किया।

# पायलट डोप टेस्ट रिपोर्ट पर एयर इंडिया ने साधी चुप्पी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान में टर्बुलेंस के दौरान यात्रियों के घायल होने के मामले में पायलटों के डोप टेस्ट को लेकर नया दावा सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि विमान के दो पायलटों में से एक डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया। हालांकि, एयर इंडिया ने कहा कि उसे जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है।





एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के नियमों के तहत पायलटों का उड़ान के बाद स्क्रीनिंग टेस्ट किया गया था, लेकिन उसके नतीजे एयरलाइन के साथ साझा नहीं किए गए। इसलिए कंपनी किसी निष्कर्ष पर टिप्पणी नहीं कर सकती। चार अगस्त को फुकेत से दिल्ली आ रही उड़ान करीब चार से पांच मिनट तक तेज टर्बुलेंस में फंसी थी। विमान लगभग 300 फीट नीचे आया था। हादसे में 17 लोग घायल हुए थे, जिनमें चार केबिन क्रू सदस्य शामिल थे। डीजीसीए ने मामले की जांच शुरू की है।

### डोप टेस्ट हुआ, लेकिन रिपोर्ट एयरलाइन को नहीं मिली

### टर्बुलेंस में 17 यात्री और क्रू सदस्य हुए थे घायल

# ट्रक से टकराई वोल्वो बस पुल से नीचे गिरे दोनों वाहन



### हादसे में 40 यात्री घायल दस की हालत गंभीर

### जेसीबी से निकाला गया फंसा हुआ बस चालक

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। पोगुरु पुल पर एक निजी वोल्वो बस की आइशर ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरे। हादसे में करीब 40 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें दस की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को वाहनों से बाहर निकाला। सभी घायलों को पमिडी सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि गंभीर यात्रियों को अनंतपुर सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। हादसे में बस चालक वाहन में बुरी तरह फंस गया था। पुलिस ने जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। उसके पैर में गंभीर चोट बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, हादसे की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद स्पष्ट होगी।

# पद जरूरी नहीं, युवाओं को बहकाया: धर्मेन्द्र प्रधान

### नीट विरोध के बीच इस्तीफे पर प्रधान ने सफाई दी

### बीजेडी के विरोध पर बोले, किसान का बेटा हूं



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने इस्तीफे को लेकर शनिवार को पहली बार खुलकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा विवाद के दौरान युवाओं, खासकर जेन-जेड को गुमराह करने की कोशिश हुई। प्रधान ने कहा कि मंत्री पद उनके लिए कभी जरूरी नहीं रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संपर्क कर मंत्रिपरिषद से इस्तीफे की पेशकश की थी और 25 जुलाई को पद छोड़ दिया।

ओडिशा में बीजेडी कार्यकर्ताओं के विरोध और उनके खिलाफ लगाए गए 'वापस जाओ' के नारों पर प्रधान ने कहा कि वह इससे परेशान नहीं हैं। उन्होंने खुद को किसान का बेटा बताते हुए कहा कि कोई वापस जाने को कहेगा तो वह वापस आ जाएंगे। प्रधान ने बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक पर युवाओं को विरोध में शामिल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई काम नहीं किया, जिससे ओडिशा की बदनामी हो।

बीजेडी ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रधान की आलोचना शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई के कारण हुई। पार्टी ने सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया।

# झारखंड में छात्रों से सरकार की तीसरे दौर की बातचीत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में कथित गड़बड़ी को लेकर छात्रों का आंदोलन रविवार को 16वें दिन भी जारी है। सरकार और छात्रों के बीच तीसरे दौर की बातचीत स्टेट गेस्ट हाउस में करीब तीन घंटे से चल रही है। इससे पहले शुक्रवार और शनिवार को हुई दो दौर की वार्ता बेनतीजा रही थी।

आंदोलनकारी छात्र 14वीं जेपीएससी परीक्षा रद्द करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो दो अगस्त से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। रविवार तड़के उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद चिकित्सकों ने मौके पर उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार, कई अनशनकारियों का वजन भी कम हुआ है।



### तीन घंटे से बैठक जारी आंदोलन सोलहवें दिन पहुंचा

### विधायक जयराम महतो ने समर्थन में उपवास रखा

जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने छात्रों के समर्थन में एक दिन का उपवास रखा। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि परीक्षा में कथित गड़बड़ी के पीछे प्रभावशाली लोगों की भूमिका की जांच होनी चाहिए। इस बीच, छात्रों ने 10 अगस्त को विधानसभा घेराव का ऐलान किया है। प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी है।

# तेज रफ्तार कार ने चार कांवड़ियों को कुचला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सरहिंद-मंडी गोबिंदगढ़ हाईवे पर रविवार रात तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पैदल जा रहे चार कांवड़ियों को कुचल दिया। हादसे में तीन कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि मृतकों के शव सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा।

मृतकों की पहचान कोटकपूरा निवासी जगदीश मित्तल (40), महेंद्र पाल (43) और दीपक कुमार (42) के रूप में हुई है। गंभीर घायल मुकेश गोयल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सभी कांवड़िए दो अलग-अलग कांवड़ संघों के साथ 30 जुलाई को गंगोत्री गए थे। उन्हें 10 अगस्त को गंगाजल लेकर कोटकपूरा लौटना था। मृतक महेंद्र पाल और जगदीश मित्तल बिजली मैकेनिक थे। हादसे के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



### तीन की मौके पर मौत एक गंभीर घायल

### गंगोत्री से फरीदकोट लौट रहे थे कांवडिए

# ममता बोलीं, मेरी कार पर पत्थरों से हमला हुआ

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि उत्तर 24 परगना जिले में उनकी कार पर पत्थर और जूते फेंके गए।

उन्होंने कहा कि बिजपुर के पास भीड़ ने उनका काफिला रोक लिया और पुलिस की मौजूदगी में वाहन पर मिट्टी व कीचड़ फेंका। ममता ने दावा किया कि यदि कार की खिड़की खुली होती तो पत्थर लगने से उनका सिर फट सकता था और जान भी जा सकती थी। ममता तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता बिरजू केओट के परिवार से मिलने जा रही थीं। केओट की पुलिस हिरासत में तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हुई थी। रास्ते में प्रदर्शनकारियों ने उनके खिलाफ नारे भी लगाए। ममता ने कहा कि उन्होंने पुलिस को अपने दौरे की जानकारी पहले दी थी, फिर भी पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे पश्चिम बंगाल में गुंडागर्दी बढ़ रही है। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे हैं। ममता को मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद भी जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है।

### पुलिस मौजूद थी, फिर भी भीड़ ने काफिला रोका

### ममता ने हमले को बताया साजिश, सुरक्षा पर उठाए सवाल

# मुजतबा खामेनेई का जंग के बाद पहला वीडियो सामने आया



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का युद्ध के बाद पहली बार वीडियो सामने आया है। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने जारी वीडियो में उन्हें जमीन पर बैठे लोगों से बातचीत करते दिखाया है। हालांकि, वीडियो कब रिकॉर्ड किया गया, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

पिछले दिनों मुजतबा की सेहत को लेकर कई दावे किए जा रहे थे। इजराइली चैनल ने उनकी हालत गंभीर होने और अस्पताल में भर्ती होने का दावा किया था। यहां तक कहा गया था कि उनकी जल्द मौत हो सकती है। नए वीडियो के सामने आने के बाद इन दावों पर सवाल उठने लगे हैं।

### सेहत को लेकर दावों के बीच दिखे मुजतबा

### वीडियो कब बना, इसकी जानकारी अभी नहीं

मुजतबा सुप्रीम लीडर बनने के बाद सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे। सऊदी मीडिया ने दावा किया था कि वह ईरान में नहीं थे और उनके नाम से जारी संदेश वरिष्ठ अधिकारी तैयार कर रहे थे। इससे पहले उनकी गंभीर चोटों और सर्जरी की खबरें भी सामने आई थीं, जिन्हें ईरानी अधिकारियों ने खारिज किया था। पिता अली खामेनेई की मौत के बाद मुजतबा नए सुप्रीम लीडर बने हैं।

# अब जेन-जी प्रभाव से बदल रही चुनावी रणनीतियां

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जेन-जी आंदोलन के बाद राजनीतिक दलों ने युवाओं को लेकर अपनी रणनीति बदलनी शुरू कर दी है। वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर और गोवा में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन सात राज्यों में 18 से 29 वर्ष की उम्र वाले मतदाताओं की हिस्सेदारी करीब 22 प्रतिशत बताई जा रही है। ऐसे में युवा वोट चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकता है।



पिछले विधानसभा चुनावों के आंकड़ों के अनुसार इन सात राज्यों की कुल 940 सीटों में 257 सीटों पर जीत का अंतर पांच प्रतिशत या उससे कम रहा था। उत्तर प्रदेश में ऐसी 131 सीटें थीं। गुजरात में 27, पंजाब में 24, उत्तराखंड में 15 और हिमाचल प्रदेश में 14 सीटों पर मुकाबला करीबी रहा। ऐसे में जेन-जी के मतों में मामूली बदलाव भी कई सीटों पर परिणाम प्रभावित कर सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार युवा अब रोजगार, शिक्षा, कौशल विकास और डिजिटल अवसर जैसे मुद्दों पर ठोस जवाब चाहते हैं। इससे जाति और धर्म आधारित पारंपरिक समीकरणों पर भी असर पड़ सकता है। दल युवाओं को अधिक टिकट देने और व्यावहारिक वादों पर जोर देने की तैयारी

### सात राज्यों में युवा मतदाता बनेंगे बड़ा फैक्टर

### पांच फीसदी वोट बदल सकता है सत्ता समीकरण

में हैं। भाजपा युवाओं से संपर्क बढ़ा रही है, जबकि आरएसएस ने जेन-जी और जेन-अल्फा के साथ संवाद शुरू किया है। एबीवीपी सदस्यता अभियान और करियर मार्गदर्शन पर जोर दे रही है। कांग्रेस आंदोलनकारी युवाओं के लिए कानूनी मदद और संवाद कार्यक्रम चला रही है। समाजवादी पार्टी ने भी युवा संपर्क अभियान की जिम्मेदारी डिंपल यादव को सौंपी है। अब चुनावी राजनीति में युवाओं की भूमिका पर सभी दलों की नजर है।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसमूह


तिरंगा यात्रा को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, साथ हैं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पं. शोभाराम शर्मा, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय आदि।

## राष्ट्र के प्रति समर्पण और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करेगी: लक्ष्मी

## देशवासी के मन में राष्ट्र प्रथम की भावना को जागृत करता है तिरंगा: पं.शोभाराम

**यूनिक समय, तरौली।** आजादी के महोत्सव पर क्षेत्र में देशभक्ति का अभूतपूर्व माहौल देखने को मिला। चौमुहां ब्लॉक के अंतर्गत रविवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित शोभाराम शर्मा के नेतृत्व में एक विशाल- भव्य तिरंगा बाइक यात्रा का आयोजन किया गया।

राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने हरी झंडी दिखाकर किया। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। आज की यह विशाल यात्रा युवाओं और क्षेत्रवासियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करेगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित शोभाराम शर्मा के नेतृत्व में शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के हजारों लोग अपनी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर शामिल हुए। हाथों में सम्मान से लहराता राष्ट्रध्वज तिरंगा और हवा में गूंजते 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी नारों ने माहौल को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय ने कहा कि 15 अगस्त तक जिले का कोई भी घर तिरंगे से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि 10 से 14 अगस्त के बीच प्रत्येक मंडल में 1 से 2 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने 12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाने, शहीदों के परिजनों का सम्मान करने की बात कही। यात्रा संयोजक पंडित शोभाराम शर्मा ने कहा कि राष्ट्र की आन-बान-शान का प्रतीक हमारा तिरंगा प्रत्येक देशवासी के मन में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को जागृत करता है। तिरंगा बाइक यात्रा चौमुहां ब्लॉक के ग्राम पेलखु से उत्साह के साथ रवाना हुई। यात्रा भरनाखुर्द, पाली, भरनाकला, सहार,अलवाई, रनवारी,और सांखी से होते हुए छाता कस्बा पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा का रूट कई किलोमीटर लंबा था, जिसमें सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सभी गांवों में ग्रामीणों के बीच भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह पर ग्रामीणों ने सड़कों पर खड़े होकर तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत किया। कई स्थानों पर यात्रियों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई, तो कहीं पर भारत माता के जयकारे लगाए गए।

इस अवसर पर पंडित राजाराम शर्मा, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मुदिता शर्मा, जिला महामंत्री प्रतिमा सिंह, मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल, बिहारी लाल उर्फ पूरन सिंह, प्रधान अनिल पांडेय, मूलचंद सिसौदिया, पूर्व प्रधान पूरन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, जुगलकिशोर शर्मा, मोहित कुमार, महिपाल, पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह,यदुवीर सिंह सहित क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, भारी संख्या में युवा और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# ब्रज के तीन सिद्ध पर्वतों में बसते हैं तीन देवों के स्वरूप


भागवत कथा की आरती उतारते परीक्षित मक्खन सिंह तरकर आदि।

**यूनिक समय, फरह।** रविवार को कस्बा स्थित फराह देवी मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य राजकुमार सैथिया ने श्रद्धालुओं को ब्रज के तीन सिद्ध पर्वतों की महिमा सुनाई। उन्होंने बताया कि ब्रज में तीन प्रमुख सिद्ध पर्वत हैं और तीनों का संबंध तीन देवों से माना जाता है। गोवर्धन पर्वत को भगवान विष्णु का स्वरूप माना गया है। बरसाना का पर्वत ब्रह्म स्वरूप है, जबकि नंदगांव स्थित पर्वत को रुद्र स्वरूप मानकर पूजा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन तीनों पर्वतों की ब्रज की धार्मिक परंपरा में विशेष महत्ता है।

कथा के दौरान आचार्य ने ऋषि गर्गाचार्य और उनकी तपस्थली गढ़ाया से जुड़ी कथा भी श्रद्धालुओं को सुनाई। उन्होंने बताया कि ऋषि गर्गाचार्य महान तपस्वी थे और उन्होंने ही भगवान श्रीकृष्ण का नामकरण संस्कार कराया था। करीब तीन दशक पहले गर्गाचार्य आश्रम के समीप से ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा का मार्ग गुजरता था। समय के साथ सुविधाओं और व्यवस्थाओं में बदलाव होने के कारण यह स्थान परिक्रमा मार्ग से लगभग अछूता हो गया।

उन्होंने गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाते हुए भगवान श्रीकृष्ण की ब्रज लीलाओं का वर्णन किया। बताया कि श्रीकृष्ण जब तक ब्रज में रहे, उन्होंने सिर पर मुकुट धारण नहीं किया, केश नहीं कटवाए और नंगे पैर ही विचरण किया। भगवान की बाल लीलाओं और ब्रज से उनके गहरे संबंध की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

कथा में परीक्षित मक्खन सिंह तरकर और उनकी पत्नी ने भागवत की आरती उतारी। इस दौरान महंत शिवराम सारस्वत, लखनलाल अग्रवाल, ओमप्रकाश शर्मा, कन्हैया शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, राजू सारस्वत, बच्चू सिंह, राहुल, राजू सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं के निराकरण को संगठन मजबूत करने पर जोर


बैठक में मौजूद भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, नौहझील।** किसानों की समस्याओं को लेकर रविवार को नौहझील ब्लॉक क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं-पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों की ज्वलंत, लंबे समय से लंबित समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में किसानों ने बिजली की समस्या, खाद की किल्लत, गांवों में जलभराव और पोखरों पर हो रहे अतिक्रमण सहित कई समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

किसानों का कहना था कि इन समस्याओं के कारण ग्रामीणों और किसानों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बैठक में वक्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि यूनियन के पदाधिकारी-कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर बैठकें और सभाएं आयोजित करें। अध्यक्षता भाकियू टिकैत के मंडल उपाध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह ने की। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश सचिव चौधरी देवेंद्र सिंह, रोहतास चौधरी, कैप्टन क्षेत्रीय सिंह, चौधरी लखन सिंह, चौधरी प्रेम सिंह, चौधरी वीरपाल सिंह, चौधरी इंद्रपाल सिंह, राजकुमार चौधरी, मुकेश चौधरी, खौन वीर चौधरी, चौधरी हरबान सिंह, विष्णु कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम-एसएसपी ने देखी कांवड़ियों की सुरक्षा


कांवड़ियों से बात करते डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, साथ हैं एसएसपी श्लोक कुमार।

**यूनिक समय, राया।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए शनिवार देर रात डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने यमुना एक्सप्रेसवे स्थित राया कट क्षेत्र का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मौके पर सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसएसपी ने कांवड़ लेकर गुजर रहे श्रद्धालुओं से बातचीत की। उन्होंने यात्रियों का हालचाल जाना और यात्रा के दौरान मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि जिले से गुजरने वाले कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है। एसएसपी श्लोक कुमार ने पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ सहयोगात्मक व्यवहार करने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## 60 किलो की कावड़ लेकर पहुंचे फरसा वाले बाबा, पुलिस ने किया स्वागत

**यूनिक समय,छाता।** हरिद्वार से 60 किलो की कावड़ लेकर आ रहे 'फरसा वाला बाबा टीम' का कोटवन बॉर्डर पर पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत किया गया। चौकी इंचार्ज उत्तम चौहान ने अपनी टीम के साथ कावड़ियों की अगवानी करते हुए फरसा वाला बाबा टीम का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उनकी इस कठिन भक्ति यात्रा की सराहना की।

# अभाविप नगर इकाई का पुनर्गठन मोनिका अध्यक्ष और आर्यन मंत्री बने


अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई के पुनर्गठन केबाद मौजूद पदाधिकारी।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई का पुनर्गठन रविवार को वरिष्ठ समाजसेवी कमल किशोर के आवास पर किया गया। चुनाव प्रक्रिया में मथुरा विभाग संगठन मंत्री दिव्यांशु पचौरी, प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया विशेष रूप से मौजूद रहे।

पुनर्गठन के लिए प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शिवम भारद्वाज को पालक कार्यकर्ता बनाया गया। नगर अध्यक्ष रविंद्र समाधिया ने विद्यार्थी परिषद के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। पालक कार्यकर्ता शिवम भारद्वाज ने सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें मोनिका गुप्ता को नगर अध्यक्ष और आर्यन गर्ग को नगर मंत्री नियुक्त किया गया। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष मोनिका गुप्ता ने कार्यकारिणी की घोषणा की। राहुल गर्ग को नगर उपाध्यक्ष, चेतन पांचाल, पुष्कर गोयल, वंशिका जैन को नगर सह मंत्री बनाया गया। राष्ट्रीय कला मंच की संयोजक रेनू तांगर, सह संयोजक हर्षित सिंघल, एसएफडी संयोजक दीपांशु गर्ग, सह संयोजक दीपांशु अग्रवाल, एसएफएस संयोजक जतिन अग्रवाल, सह संयोजक केतन गर्ग, खेलो भारत संयोजक अंश जैन, सह संयोजक भविष्य अग्रवाल, मीडिया संयोजक गौरव गर्ग, सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक गर्ग को दायित्व सौंपे गए। दिवेश अग्रवाल, सचिन भारद्वाज, साधना व दीक्षा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया, विभाग संगठन मंत्री दिव्यांशु पचौरी ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन विस्तार के साथ छात्र हितों के लिए काम करें।

# सर्विस रोड में गड्ढों की भरमार, दुर्घटनाओं का खतरा

प्रमुख संवाददाता


मथुरा-दिल्ली मार्ग स्थित ग्राम छटीकरा की सड़क पर दिखाई दे रहा गड्ढा।

## गाड़ियां चलाने वालों को सताता है डर

**यूनिक समय, वृंदावन।** यदि आप मथुरा-दिल्ली मार्ग स्थित छटीकरा से होकर गुजरने की सोच रहे हैं, तो सोच समझकर ही अपने वाहन को चलाइए। थोड़ी सी लापरवाही से आपका वाहन दुर्घटना ग्रस्त न हो जाए। यदि बारिश का मौसम हो तो उस समय और सतर्कता बरतने की जरुरत है।

छटीकरा में ओवर ब्रिज के नीचे संपर्क मार्ग की सड़क पर गहरे गड्ढे किसी हादसे को निमंत्रण देते नजर आ रहे है। यदि कोई तेज गति से आ रही है तो उसे सड़क की हालात देखकर ड्राइवर को ब्रेक लगाने को विवश होना पड़ेगा, वरना गाड़ी उछलती हुई चलेगी।

छटीकरा के रहने वाले मोहन श्याम, राम कुमार और सचिन का कहना है कि इस सड़क से होकर न जाने कितने अधिकारियों की गाड़ियां गुजरती है, लेकिन सड़क में दिखाई दे रहे गड्ढों को ठीक कराने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। बारिश के दिनों पर यह सड़क मार्ग और खराब हो जाता है। जल भराव होने पर गाड़ियों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है।

# 12 अगस्त को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** भारत माता के गौरव, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और राष्ट्रीय एकता के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी कोसी कलां मंडल की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के तहत 12 अगस्त को नगर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ सुबह 11 बजे गांधी पार्क से होगा।

मंडल अध्यक्ष सौरभ जैन ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अमर बलिदानियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का जनअभियान है। मीडिया प्रभारी भारत शर्मा ने बताया कि यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल होंगे। उन्होंने नागरिकों से अपने मित्रों-साथियों के साथ पहुंचकर राष्ट्रोत्सव को सफल बनाने का आह्वान किया।